आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 337 ● कटनी ● बुधवार, 11 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष 5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935




## मुंबई में 28 करोड़ की कोकीन के साथ तस्कर अरेस्ट

**मुंबई,ईएमएस।** कस्टम विभाग ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक युवक को 28 करोड़ की कोकीन के साथ पकड़ा है। उससे कस्टम अधिकारियों ने पूछताछ की, तो कहा कि पहले मुझे मेरी मोहब्बत से मिला दो, तो सब बता दूंगा। जांच में पता चला कि उसकी सोशल मीडिया पर एक विदेशी महिला से दोस्ती है। उसी लिए वह ड्रग तस्कर बन गया। जांच में सामने आया कि जिस महिला से वह महीनों से फोन पर प्रेम भरी बातें कर रहा था, वह लड़की नहीं, लड़का था।

# मप्र अजब है, गजब है और सजग भी...

## 2 दिनी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट का शुभारंभ

### प्रधानमंत्री ने मप्र के लिए दिया नया स्लोगन

**इंदौर, यशभारत। इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 2 दिनी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल संबोधन से किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत हर भारतीय का संकल्प है। आस्था से अध्यात्म तक मध्य प्रदेश अजब- गजब और सजग है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट के लिए आप सभी निवेशकों और उद्यमियों का स्वागत है। विकसित भारत के निर्माण में मध्य प्रदेश की भूमि का महत्वपूर्ण है। कृषि से लेकर शिक्षा से लेकर सभी क्षेत्रों में एमपी अजब है, गजब और सजग भी है। इन्वेस्टर्स समिट ऐसे समय में हो रही है जब भारत का अमृत काल शुरू हो चुका है।**



हम सभी विकसित भारत के लिए जुटे हुए हैं। हम जब विकसित भारत की बात कर रहे हैं तो यह हमारा ही नहीं सभी भारतीयों का संकल्प है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ल्ड बैंक का मानना है कि भारत के पास अन्य देशों के मुकाबले आर्थिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता बहुत अधिक है। जी20- ग्रुप में इस साल भारत सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था होगी।मोदी ने कहा कि कार्पोरेट टैक्स और अन्य कई परेशानियों को व्यवसाय से हटाया है। हमने डिफेंस, माइनिंग और स्पेस जैसे कई क्षेत्रों को प्राइवेट क्षेत्रों के लिए खोल दिया है। कंप्लायंस के बोझ को कम किया गया है।44 हजार कंप्लायंस को हटाया जा चुका है। हाल ही में नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया गया है। इससे मध्य प्रदेश भी जुड़ा है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत मोबाइल डेटा के उपयोग करने में नंबन वन है। आइटी में नंबर वन है। भारत देश का तीसरा आटो मार्केट है। भारत के डिजिटल इंफ्रा के लिए हर कोई विश्वास से भरा हुआ है। भारत एक तरफ गांव-गांव तक आप्टीकल फाइबर नेटवर्क पहुंचा रहा है। वह तेजी से 5 जी नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। हर व्यक्ति के लिए इंटरनेट आफ थिंग्स और एआइ जो भी इंफ्रा बन रहे हैं वह भारत को गति देंगे। यह सब कोशिश भारत को ताकत देंगे।



केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल और मप्र के मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने दीप प्रज्ज्वलित किया। सीएममुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गयाना के राष्ट्रपति इरफान अली और सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी का स्वागत किया।

### डिफेंस, माइनिंग और स्पेस जैसे कई क्षेत्रों को प्राइवेट क्षेत्रों के लिए खोल दिया

मोदी ने कहा कि कार्पोरेट टैक्स और अन्य कई परेशानियों को व्यवसाय से हटाया है। हमने डिफेंस, माइनिंग और स्पेस जैसे कई क्षेत्रों को प्राइवेट क्षेत्रों के लिए खोल दिया है। कंप्लायंस के बोझ को कम किया गया है।44 हजार कंप्लायंस को हटाया जा चुका है। हाल ही में नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया गया है। इससे मध्य प्रदेश भी जुड़ा है।

### भारत में नई संभावनाएं

उन्होंने कहा कि साथियों हेल्थ, कृषि, न्यूट्रिशयन हो, स्टील हो, हर लिहाज से भारत में नई संभावनाएं आपका इंतजार कर रही है। भारत के साथ एक नई ग्लोबल सप्लाई का निर्माण कर रही हैं। आपका फिर से बहुत-बहुत स्वागत करता हूं। मध्य प्रदेश का सामर्थ, संकल्प आपकी प्रकृति में दो कदम आगे चलेंगे। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी इन्वेस्टर्स समिट को वर्चुअल संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश उभरता हुआ हीरा है। कुछ महीने प्रधानमंत्री ने कूनो नेशनल पार्क में चीतों को छोड़ा था। उस दौरान जिस तेज गति उन्होंने दौड़ लगाई थी, ठीक वैसे ही अब मध्य प्रदेश दौड़ लगाएगा। इन्वेस्टर समिट में आने वाले निवशकों को देखते हुए भी ऐसा ही लग रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में निवेश को पृष्टिभूमि तैयार हो चुकी है और यह बहुत उचित समय है, क्योंकि भारत भी विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ता जा रहा है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत बन रहा :सीएम

स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। अब हमें आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश बनाना है। मध्य प्रदेश को अग्रणी लाना है। हम ग्लोबल लीडर बनना है। । आप सभी का हृदय से स्वागत करता हूं। मप्र ने पलक पावड़े बिछाकर आपका स्वागत किया है। मांडने बने हैं, रोशनी से शहर सजा है। मैं प्रदेश की जनता की ओर से सभी का स्वागत करता हूं। कार्यक्रम की शुरुआत में मप्र के मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने मंचासीन अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। फ्यूचर रेडी मप्र थीम पर आयोजित हो रहे समिट में पर्यावरण-संरक्षण का पूरा ध्यान रखा गया है। यह पूरी तरह कार्बन न्यूट्रल और जीरो वेस्ट पर आधारित होगी। इनवेस्टर्स समिट में देश और विदेश के निवेशकों को राज्य में लाने के लिए मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की तमाम परिस्थितियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## कटनी की देवांशी देवा...
## भांग से दवा बनाने वाली देश की पहली महिला स्टार्टअप

**जबलपुर,कटनी, यशभारत।** कटनी निवासी 27 साल की देवांशी देवा भांग से हर्बल दवाएं बनाने वाली देश की पहली महिला स्टार्टअप हैं। वे मीडिया साइकोलॉजी का कोर्स कर दिल्ली में जॉब कर रही थीं। विदेश जाने का ऑफर मिला, लेकिन पिता जी नहीं माने। देवांशी ने पारंपरिक खेती के गुर सीखने के लिए लखनऊ की एक संस्था से संपर्क किया। यहां पता चला कि हर्बल में भविष्य है। 2018 में टू ग्रीन एग्री बायोटेक इंडिया प्रा.लि. कंपनी खोली और तुलसी गिलोय की खेती की। 2021 में आयुष विभाग से भांग से दवा बनाने का लाइसेंस लिया। कार्बन डाई ज ऑक्साइड की सुपर क्रिटिकल तकनीक से भांग से पेन किलर बना रही हैं। देवांशी ने समिट में रजिस्ट्रेशन कराया है। उन्होंने बताया कि वे हार्ट, लिवर, स्लीप, नर्वस, एंजाइटी और इम्युनिटी बूस्टर डोज भी बना रही हैं।



दो साल में दो करोड़ का टर्नओवर

## खाई में गिरे सेना के 3 जवान शहीद

### बर्फीले इलाके में गश्त के दौरान कुपवाड़ा में हादसा



**श्रीनगर, एजेंसी।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा के माछल सेक्टर में भारतीय सेना के जवान हादसे का शिकार हो गए। गश्त के दौरान फिसलकर गहरी खाई में गिरने से भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए। तीनों डोगरा रेजीमेंट की 14वीं बटालियन के थे। चिनार कॉर्प्स की ओर से बताया गया कि फ्वॉरवर्ड एरिया में नियमित ऑपरेशन टास्क के दौरान 01 जेसीओ और 02 ओआर का दल गहरी खाई में फिसल गया। ट्रैक पर बर्फ के कारण हादसा हुआ। तीनों बहादुरों के पार्थिव शरीर को निकाल लिया गया है।

### दो सड़क हादसों में 6 की मौत

**रायबरेली ,ईएमएस।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में भीषण सड़क हादसा हो गया है। तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर चाय की दुकान में टक्कर मारते हुए पुलिया में जा घुसा है। भयंकर कोहरे के चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ है। चाय की गुमटी पर बैठे 12 लोगों मे से 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं 6 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने लोगों को मलबे से निकालना शुरू कर दिया है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रेस्क्यू जारी किया है। लोगों को मलबे से बाहर निकाला जा रहा है।

### गुना में बस को ट्रक ने टक्कर मारी

**गुना, ईएमएस।** गुजरात के अहमदाबाद से उत्तरप्रदेश जा रही बस गुना में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बस कंडक्टर समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसा बुधवार तड़के 4 बजे हुआ। गुना जिले के चांचौड़ा-बीनागंज इलाके में बीनागंज से 14 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे पर बस का टायर पंचर हो गया था। स्टाफ टायर बदलने के लिए जैक लगा रहा था।



## चाय पिलाकर 120 महिलाओं का रेप

### जलेबी बाबा को कुकर्मों की सजा 14 साल की कैद

**फतेहाबाद, एजेंसी।** हरियाणा में फतेहाबाद में नशीली चाय पिला 120 महिलाओं से रेप करने वाले कुख्यात जलेबी बाबा उर्फ अमरपुरी को कोर्ट ने सजा सुना दी है। मंगलवार को बाबा को नाबालिग से 2 बार रेप में पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 14 साल की कैद हुई। वहीं महिलाओं से रेप के केस में IPC की धारा 376ष्ट के तहत 7-7 साल और IT एक्ट की धारा 67c में 5 साल की कैद हुई।सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। बाबा को आर्म्स एक्ट के केस में बरी कर दिया गया। जलेबी बाबा पर महिलाओं को चाय में नशीली गोलियां खिलाकर रेप करने के आरोप लगे थे। जिसमें बाबा उन्हें ब्लैकमेल भी करता था।जलेबी बाबा को 7 जनवरी को सजा सुनाई जानी थी। तब बहस पूरी न होने पर इसे 9 जनवरी के लिए टाल दिया गया। हालांकि 9 को भी अदालत ने कुछ और जानकारी मांगी, जिसके बाद सजा को और टाल दिया गया। मंगलवार को कोर्ट ने उसे सजा सुनाई तो बाबा रो पड़ा।। इससे पहले भी कोर्ट में पेशी के दौरान बाबा ने रोने का ड्रामा किया। उसने कहा कि वह अब उम्रदराज हो चुका है, उसे शुगर भी है और मोतियाबिंद के चलते उसे दिखता भी नहीं है, उस पर रहम किया जाए।

## आवारा कुत्तों ने बेसहारा महिला को मार डाला

**धारवाड़ , एजेंसी।** कर्नाटक के धारवाड़ जिले में मंगलवार को एक बेसहारा महिला को आवारा कुत्तों के झुंड ने मार डाला। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक घटना उप्पीना बेतागेरी गांव में हुई। महिला क्षेत्र में भीख मांगकर गुजारा करती थी। जब वह गांव में एक इमारत के पास सो रही थी तो कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसके अंतिम संस्कार की व्यवस्था कर रहे थे। ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि कुत्तों के खतरे के मुद्दे का समाधान किया जाना चाहिए।



## आरआरआर फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को मिला बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का अवॉर्ड

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** लॉस एंजिल्स में 80वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में आयोजित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भारतीय फिल्म आरआरआर के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का अवार्ड मिला है। संगीतकार एमएम कीरवणी ने ट्रॉफी ग्रहण की। गाने को एमएम कीरवणी ने कंपोज किया है। चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं, जबकि राहुल सिपलीगंज और काल भैरव ने गाने को अपनी आवाज दी है। एसएस राजामौली की सुपर हिट फिल्म RRR को इस साल के गोल्डन ग्लोब की दो श्रेणियों में नामांकित किया गया था। एसएस राजामौली, राम चरण, जूनियर एनटीआर और एमएम कीरवणीलॉस एंजिल्स में मौजूद हैं। चारों ने समारोह से पहले लॉस एंजिल्स के चीनी थिएटर में मीडिया से बात की और उनके सवालों के जवाब दिए। निर्देशक पिछले कुछ महीनों से लॉस एंजिल्स में हैं और यहां RRR के ऑस्कर अभियान में भाग ले रहे हैं।

### पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा

## देश में RSS-BJP के लोग एक को दूसरे धर्म से लड़ा रहे : राहुल

**फतेहगढ़ साहिब,एजेंसी।** कन्याकुमारी से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पंजाब में दो घंटे की देरी से 8 बजे शुरू हुई। राहुल गांधी छोटे साहिबजादों की याद में बने फतेहगढ़ साहिब स्थित गुरुद्वारे में माथा टेकने पहुंचे। उन्होंने लाल रंग की पगड़ी पहनी है। कल केसरी रंग की दस्तार सजाई थी।कार्यक्रम में देरी होने की वजह से अब साढ़े 6 के बजाय 7.50 बजे सरहिंद की दाना मंडी में फ्लैग एक्सचेंज सेरेमनी में पहुंचे। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भुपिंदर हुड्डा ने पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को यात्रा का फ्लैग सौंपा। यात्रा से पहले राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने 3000 कि.मी. से यह यात्रा चल ली है। कश्मीर में यह यात्रा खत्म होगी। देश में नफरत फैलाई गई है। RSS-BJP के लोग एक धर्म को दूसरे, एक भाषा को दूसरे से लड़ाने में लगे हैं। उन्होंने देश का माहौल बिगाड़ दिया है। हमें देश को दूसरा रास्ता मोहब्बत, एकता व भाईचारे का रास्ता दिखाना चाहिए। राहुल गांधी ने मीडिया को कोसते हुए कहा कि वे उनकी बात नहीं रख रहे। हमेशा प्रधानमंत्री का चेहरा दिखाते हैं। बेरोजगारी व महंगाई की बात नहीं उठाते। यह यात्रा जैसे-जैसे आगे गई, मीडिया ने अगला पड़ाव कठिन बताया। लेकिन हर जगह बेहतर रिस्पॉन्स मिला। इसका कारण बीजेपी के लोग जो डर नफरत फैला रहे हैं, वे देश की हिस्ट्री नहीं है। यह देश प्यार भाई चारे का देश है। यही कारण है कि यात्रा सफल हो रही है। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में किसानों को प्रमुखता दी।



## बक्सर में पावर प्लांट का विरोध कर रहे किसानों को पीटा, तो पुलिस पर लाठी-डंडा लेकर टूट पड़े

**बक्सर, एजेंसी।** बिहार के बक्सर जिले में थर्मल पावर प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण के मुआवजे पर किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। ग्रामीण बुधवार सुबह लाठी-डंडे लेकर पुलिस और पावर प्लांट पर टूट पड़े। पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर उनमें आग लगा दी। प्लांट के गेट पर भी आगजनी की गई। पुलिस ने हवाई फायरिंग करके भीड़ को खदेड़ने की कोशिश की। दोनों तरफ से बीच-बीच में पत्थरबाजी भी हो रही है। चार पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। ग्रामीण हटने के लिए तैयार नहीं हैं। भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। किसान 85 दिन से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने मंगलवार को प्लांट के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और धरने पर बैठ गए। उस समय पुलिस ने कुछ नहीं किया, लेकिन रात को पुलिस ने बनारपुर गांव में घुसकर मारपीट की।

SWASTIK MULTI-SPECIALITY HOSPITAL

स्वास्तिक जबलपुर

स्वास्तिक मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर टीम

डॉ. नवीन शर्मा
SR.CONSULTANT (MBBS,MD,DM-CARDIOLOGY) REG.No.:-MP-6647

डॉ.अभिषेक गायकवाड़
SR.CONSULTANT (MBBS,MD,DM-CARDIOLOGY) REG.No.:-MCI-09-34664

डॉ. सुदिन नाग
Sr.GENERALANDLAPROSCOPICSURGEON M.B.B.S.,MS(GeneralSurgery) FMAS,FIAGES,FISCP REG.No.:-MP-10173

डॉ. सुनीत नेमा
SR.CONSULTANT M.B.B.S.,MS,Mch.(PlasticSurgery) Reg.No.:-MP-13783

डॉ. माधुरी जैन
DIETICIAN

डॉ. सतीश अहिरवार
Sr.Anesthesiologist M.B.B.S,DA REG.No.:-MP-10099

डॉ. यतिन खैर
Sr.NEURO./SPINALSURGEON M.B.B.S.,MS,MCH. REG.No.:-MP-13652

डॉ. गौरव श्रीवास्तव
Sr.SONOLOGIST M.D.(RADIOLOGY) REG.No.:-MP-9579

डॉ. पूजा मिश्रा
SR.CONSULTANT (MBBS,MS,OPTHALMOLOGY) Reg.No.:-MP-12122

अनूप जैन
SR.UROLOGIST M.B.B.S.,Mch.(UROLOGY) Reg.No.:-MP-5409

डॉ. रितु नेमा
SR.SURGEON MBBS,MD(OBSANDGAYNAE) REG.No.:-MP-697

डॉ. रोमा नाग
SR.SURGEON MBBS,MS.(OBSANDGAYNAE) REG.No.:-MP-10113

डॉ. सुशील पटले
Sr.Orthopaedic M.B.B.S.,D.(ortho.) REG.No.:-MP- 4172

डॉ. आशीष सिरसिकर
Sr.Orthopaedic M.B.B.S.,MS.(ortho.) REG.No.:-MP- 5404

डॉ. राजीव नायक
Sr. NEUROLOGIST M.B.B.S. , M.D. D.M. (NEUROLOGY) REG. No. :- MP-6405

डॉ. सुरेश पटेल
SR.CONSULTANT MBBS,MD(GENERALMEDICINE) REG.No.:-MP-10650

डॉ.आशीष पटेल
SR.CONSULTANT MBBS,MD(GeneralMedicine) Reg.No.:-MP-14529

डॉ. श्रेयश पाण्डेय
SR.CONSULTANT MBBS,DLO(Otorhinolaryngology) Reg.No.:-MP-16460

डॉ. जी.एल.क्षत्री
SR.CONSULTANT MBBS,MD(Pediatrics) MHA,PGPN(Bostan) Reg.No.:-MP-1670

डॉ. अंशु होतानी
SR.PATHOLOGIST M.B.B.S.,MD(Pathology) Reg.No.:-MP-12080

C.G.H.S., CSMA, BSNL, RAILWAY, AIRPORT AUTHORITY, ESIC, MP-POLICE (TPA) Mediclaim

फोन: 0761-2640638, 8461884444, 8462884444

आई.टी.आई. रोड, अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के सामने, दीनदयाल चौक, जबलपुर

# कटनी से प्रेमी संग भागी युवती की मुंबई में हत्या

## प्रेमजाल में फंसाकर युवती को मुंबई ले जाकर हत्या करने का आरोप

### 2019 में कटनी से गायब हुए थे युवक-युवती




**कटनी, यशभारत।** 2019 में कटनी से भाग कर मुंबई गई तथा वहां कतिथ तौर पर धर्म परिवर्तन व यातनाएं देने फिर युवती के द्वारा खुदकुशी करने का मामला प्रकाश में आया है। मुंबई में यह मामला सुर्खियों में है। मुंबई में यशोदा नाम की लड़की की हत्या का आरोप लगाते हुए लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। मीडिया सूत्रों के अनुसार मुंबई के धारावी से एक लव जिहाद का ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर लोग गुस्से से आगबबूला हो रहे हैं। तीन साल पहले कटनी में रहनेवाली यशोदा नाम की एक लड़की को एक मुस्लिम युवक ने प्रेमजाल में फंसाकर उससे शादी कर ली थी। इसके बाद वह युवक उसे मुंबई ले आया था। यहां यशोदा का नाम बदलकर यास्मीन कर दिया गया।

गौरतलब है कि आरोपी युवक युवती पर धर्मपरिवर्तन करने के साथ ही उसके ऊपर बीफ बनाने का दबाव डालता रहता था। जब युवती ने उस युवक की बात नहीं मानी तो उसने उसकी हत्या कर दी और शव को खाड़ी में फेंक दिया। इस मामले में अब लड़की के पिता के बयान पर धारावी पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कैलवारा निवासी यशोदा खटीक के पिता ने उसके मुस्लिम पति के खिलाफ धारावी पुलिस स्टेशन में हत्या की शिकायत दर्ज कराई है।

यशोदा के भाई ने बताया कि आरोपी भी कटनी का रहनेवाला है। कटनी में ही वर्ष 2019 में यशोदा से उसकी पहचान हुई थी। इसके बाद नवंबर 2019 में यशोदा को वह अपने साथ भगाकर मुंबई ले आया था। इस मामले में यशोदा के पिता ने कटनी में उसके मिसिंग की शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन कोई सुराग नहीं लगा था। काफी समय बाद यशोदा ने उन्हें फोन कर बताया कि वह मुंबई के धारावी में है। उसने शादी कर ली है। यशोदा के भाई ने खुलासा किया कि यशोदा के पति चार भाई हैं और चारों ने हिंदू लड़कियों से ही शादी की है। उसकी बहन पर धर्मपरिवर्तन का दबाव डाला जा रहा था, जिससे इंकार करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

### 5 जनवरी को मिली लाश

मुंबई के धरावी थाना क्षेत्र में 5 जनवरी को यशोदा का शव मिला। सूचना पर पहुंची धारावी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवती के आसपास रहने वालों लोगों से पुलिस को जानकारी मिली मृतिका कटनी की रहने वाली है। पड़ोसियों से पुलिस को उसके परिजनों का संपर्क नंबर मिला। इसके अलावा घर से पुलिस को युवती का आधार कार्ड भी मिला। जिसके बाद उसकी पहचान यशोदा खटीक के रूप में की गई।

### पति पर हत्या का मामला दर्ज, गिरफ्तार

मुंबई की धारावी पुलिस ने यशोदा के परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन मुंबई के धारावी पहुंचे। जहां पर पुलिस ने उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी। यशोदा के भाई ने धारावी पुलिस को बताया कि उसकी बहन पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला जा रहा था। इससे इंकार करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और फिर उसकी हत्या कर दी गई। धारावी पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कैलवारा निवासी रहमद खान के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी रहमद खान धारावी में आकाश नाम से रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# वृद्ध महिला से बेदम मारपीट

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत सिनगौड़ी में खेत में मवेशियों के घुसने के विवाद पर एक वृद्ध महिला के साथ बेदम पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़िता मोला बाई सोनी ने बताया कि खेत में मवेशी घुस गए थे, उन्हें हटा रही थी। तभी मुंडा कचेर, उसकी पत्नी, बिटिया व बेटे ने मिलकर मारपीट की है। ग्रामीणों की सूचना पर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# कार में लिफ्ट देकर बदमाशों ने पार कर दिए 30 हजार

## कोतवाली पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

**कटनी, यशभारत। बस स्टैंड के समीप से कार में बैठकर आजाद चौक तक आए एक कपड़ा कारोबारी के जेब से रुपए चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। उपनिरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया कि पड़ोसी जिला उमरिया के नौरोजाबाद क्षेत्र निवासी राजेश सिंह ठाकुर के रुपए चोरी हुए हैं।**

कारोबारी राजेश सिंह ने शिकायत में बताया कि वह मंगलवार को नौरोजाबाद से सुबह चला और कटनी बस स्टैंड आया। राजेश फेरी लगाकर रेडीमेट कपड़े का कारोबार करता है। वह बस स्टेंड से पैदल चांडक चौक आया महामाया दुकान से 3 हजार रुपए की केबिल खरीदी। इसके बाद गोल बाजार जाने के लिए पैदल निकला। पीछे से एक कार आई। उसमें चार लोग बैठे थे। कार में बैठकर आजाद चौक के पहले उतर गया। देखा तो जेब से 30 हजार रुपए गायब मिले। कुछ रुपए ऊपर जेब में व कुछ पेंट के जेब में रखे थे, वो गायब हो गए। जिसके बाद राजेश सिंह ने कोतवाली में पहुंचकर शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने जांच की तो वह कार में बैठते दिखा है। सीसीटीवी फुटेज से कार का पता लगाया जा रहा है। कार की नंबर प्लेट न होने के कारण उसे पकड़ पाना मुश्किल हो रहा है। हालांकि कोतवाली पुलिस ने अभी एफआइआर दर्ज नहीं की है।

# भालू के हमले में वृद्ध चरवाहा घायल

## जिला अस्पताल में उपचार जारी



**कटनी, यशभारत।** भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल एक 60 वर्षीय वृद्ध बकरी चरवाहे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला पन्ना के रैपुरा थाना अंतर्गत ग्राम मलघन निवासी 60 वर्षीय बजरिया आदिवासी बकरी चराने जंगल गया हुआ था। इस दौरान कड़ना घाट के पास बकरी चरा रहा था। उसीदौरान झाड़ियों से निकलकर आए भालू ने हमला कर दिया। एकदम से भालू ने सिर पकड़ लिया। बजरिया हाथों से बचने का प्रयास किया तो भालू ने दोनों हाथों में हमला कर दिया। बजरिया जान बचाने के लिए काफी देर तक भालू से संघर्ष करता रहा। शोर मचाते हुए भालू पर प्रहार करता रहा। किसी तरह बजरिया जान बचाकर गांव की ओर भागा। खून से लथपथ वृद्ध घर पहुंचा। परिजन तत्काल उसे रैपुरा स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल कटनी रिफर किया गया, जहां उपचार जारी है।

# फाइनल मैच में कटनी को 8 विकेट से हराकर नागौद का ट्रॉफी पर कब्जा

## विजेता को 51 हजार, उपविजेता को 21 हजार रुपये का पुरस्कार



**उमरियापान, यशभारत।** खेल विकास समिति के अध्यक्ष स्वण् मुरारीलाल चौरसिया की स्मृति में उमरियापान के अंधेलीबाग मैदान में संतोष ट्रॉफी लैदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का कल 10 जनवरी को कटनी और नागौद के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें डीसीए कटनी को 8 विकेट से हराकर नागौद इलेवन ने फाइनल खिताब में कब्जा कर लिया। निर्धारित 20.20 ओवर के मैच में कटनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कटनी टीम की शुरुबात बहुत ही खराब रही। 3 विकेट मात्र 41 रन पर गंवा दिए। जबकि चौथा विकेट 73 पर तो पांचवां विकेट 107 रन के स्कोर पर गिरा। इसके बाद पांच बल्लेबाज 34 रन में ढेर हो गए और पूरी टीम मात्र 141 रन के स्कोर पर सिमट गई। जिसमें अनुराग शुक्ला ने सर्वाधिक 23 बाल में 5 चौके 3 छक्के की मदद से 46 रन बनाए। प्रवीण ने 25 बाल में 5 चौके की मदद से 30 रन बनाए। जबकि अयाज खान ने 17 तो अनुराग पटेल ने 15 रन बनाए। नागौद के गेंदबाज गुड्डू ने 3 विकेट लिए तो सुमित और आकर्ष ने 2.2 विकेट व मोहित ने 1 विकेट झटका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागौद टीम की शुरुबात तेज तर्रार रही। पहला विकेट मोहित के रूप में 39 पर गिरा तो दूसरा विकेट लकी के रूप में 85 रन पर गिरा। इसके बाद टीम के कप्तान आकर्ष सिंह और अमित बल्लेबाजी करने आए और दोनों ने ताबडतोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए नावाद 57 रन की साझेदारी कर 142 रन का लक्ष्य हासिल कर एकतरफा 8 विकेट से जीत दर्ज कर संतोष ट्रॉफी में कब्जा कर लिया। जिसमें आकर्ष सिंह ने सर्वाधिक 37 बाल में 7 चौके 1 छक्के की मदद से 52 रन बनाए। लकी ने 26 बाल में 2 चौके 2 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। जबकि मोहित ने 27 रन तो अमित ने 25 रन बनाए। कटनी के गेंदबाज अमित और प्रह्लाद को 1.1 विकेट मिले। नागौद टीम के कप्तान आकर्ष सिंह को मैन ऑफद मैच एवं मैन ऑफद सीरीज चुना गया है।

# फारेस्टर प्ले ग्राउंड में जाम छलकाते चार गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली पुलिस ने फारेस्टर प्ले ग्राउंड में जाम छलकाते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आधारकाप क्षेत्र निवासी सौरभ पिता संतोष कुमार गुप्ता, विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सिंगवारा निवासी धीरेन्द्र कुमार पटेल व देवराकला जिवारा निवासी विवेक पिता सियाशरण मिश्रा तथा कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कैलवाराखुर्द निवासी रोहित पिता अनिल बर्मन को फारेस्टर प्ले ग्राउंड में शराब पीते पकड़ा है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# महुआ लाहन जप्त

कटनी, यशभारत। जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम के लिए आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम सिहुंडी, भूला व डुगरिया में कार्रवाई की है। टीम ने 675 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 13 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर 6 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किए हैं। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लेकर नष्ट किया गया है।

# पत्रकार नरेंद्र बैरागी का निधन



**कटनी,यशभारत।** कटनी के वरिष्ठ पत्रकार शास्त्री कालोनी निवासी नरेंद्र बैरागी का गत दिवस निधन हो गया वे लगभग 65 वर्ष के थे। लम्बे समय से श्री बैरागी पत्रकारिता से जुड़े रहे। वे कटनी केशरी नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। दिवंगत की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी।

# तय मूल्य से अधिक की मांग करने वाले स्टाम्प वेंडर का लाइसेंस हुआ निलंबित

**कटनी,यशभारत।** निर्धारित मूल्य से अधिक रुपए की मांग करने वाला बहोरीबंद के स्टाम्प वेंडर सत्येंद्र जैन की स्टाम्प अनुज्ञप्ति निलंबित। कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्टाम्प वेंडर सत्येंद्र जैन के निर्धारित मूल्य से अधिक रुपए की मांग की वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए जिला पंजीयक और एस.डी.एम. बहोरीबंद को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इसके बाद एस.डी.एम. ने तहसीलदार बहोरीबंद से जांच करवाया। जिसमें स्टाम्प वेंडर सत्येंद्र जैन को निर्धारित मूल्य से अधिक रुपयों की मांग का दोषी पाया गया। इसलिए मध्य प्रदेश स्टांप नियम के अधीन ऐसे कार्यकलापों में संलिप्त रहने पर सत्येंद्र जैन को जारी स्टांप अनुज्ञप्ति ( ज्यूडिशियल एवं नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प अनुज्ञप्ति ) को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया गया है।

## उमरियापान थाने का प्रभार अब अनिल काकड़े को

# विवादों में रहना भारी पड़ गया थाना प्रभारी पिल्लै को


**उमरियापानए यशभारत।** उमरियापान थाने का नवागत थाना प्रभारी अनिल काकड़े ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। हालांकि थाना प्रभारी एस राज पिल्लै का आनन फानन तबादला होना चर्चा का विषय बना है। आखिर ऐसा क्या हो गया जिस कारण उन्हें हटना पड़ा। 8 माह की नौकरी के दौरान थाना प्रभारी द्वारा थाने में ही लोगों से अभद्र व्यवहार करने के तीन चार मामले सुर्खियों में थे। पीड़ितों द्वारा जिला से लेकर संभाग में बैठे उच्चाधिकारियों से शिकायतें की गई थीं। कुछ माह पूर्व भी नगर के भाजपा नेताओं को थाने में सम्मान न देकर अभद्र व्यवहार करना भी एक कारण बना। भाजपा नेताओं द्वारा प्रभारी मंत्री सहित सीएम तक से थाना प्रभारी की शिकायतें की गई थीं।

### यातायात व्यवस्था दुरस्त होगी : थाना प्रभारी

यश भारत प्रतिनिधि से अनौपचारिक चर्चा करते हुए नवागत थाना प्रभारी अनिल काकड़े ने कहा यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने दुकानदारों सहित सभी को कड़ी चेतावनी देकर सुधार का प्रयास किया जाएगा। मोटरसाइकिल से लेकर सभी वाहनों को जप्त कर चलानी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी की क्षेत्र की जनता से अपील की है की बिना किसी डर के किसी भी संदिग्ध एवं असामाजिक गतिविधियों में लिप्त लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 13 से
दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 9 बजे से


वारिसु
टिकट रेट
रिक्लाइनर - 250/-
प्लेटिनम - 250/-
गोल्ड - 200 /-
सिल्वर - 150 /-
कलाकार-विजय, रश्मिका मंदाना, प्रकाश राज, योगी बाबू आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 13 से
दोपहर 3 एवं सायं 6 बजे से


कलाकार- चिरंजीवी, रवि तेजा, श्रुति हसन, राजेन्द्र प्रसाद आदि।
वॉलटेयर वीरय्या
टिकट रेट
रिक्लाइनर - 250/-
प्लेटिनम - 250/-
गोल्ड - 200 /-
सिल्वर - 150 /-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ
डॉ. देबनाथ
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft exel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना


विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

मंगलम मैरिज गार्डन
सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीवी कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर
सभी प्रकार के शुभ अवसरों हेतु

पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861




मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# अपने खास मित्र की बेटी से कटनी नदी पुल का लोकार्पण कराकर विवादों में घिरे विधायक

## ब्रिज स्वीकृत कराने वाली भाजपा की ही पूर्व विधायक की उपेक्षा, महापौर भी रहीं गैर हाजिर, भाजपा संगठन के लोगों को भी नहीं मिली खबर

**कटनी,यशभारत।** अपनी ही पार्टी की पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन के कार्यकाल में स्वीकृत हुए कटनी नदी पुल का लोकार्पण कल क्षेत्रीय विधायक सन्दीप जायसवाल ने अपने खास मित्र नवलेश मालिक की बेटी से करवा दिया। लगभग 14 साल पहले 2008 में तत्कालीन विधायक अलका जैन ने इस ब्रिज का भूमिपूजन तब के विधानसभा अध्यक्ष ईश्वरदास रोहाणी के हाथों कराया था, लेकिन कल हुए लोकार्पण में बीजेपी के ही विधायक ने कटनी को ब्रिज की सौगात देने वाली भाजपा की ही पूर्व विधायक को बुलाना मुनासिब नही समझा। आनन-फानन शाम को आयोजित किये गए कार्यक्रम में विधायक के समर्थक लोगों को ही जुटाया गया। कार्यक्रम से शहर की प्रथम नागरिक प्रीति सूरी की दूरी भी चर्चा का विषय बनी रही। इसके अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष समेत प्रशासन के आला अधिकारियों की गैरमौजूदगी ने भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लोग कह रहे हैं कि श्रेय की अंधी होड़ में क्या इसी तरह की राजनीति शहर में चलेगी। आखिर ब्रिज शुरू कराने को लेकर विधायक ने इतना उतावलापन क्यों दिखा दिया, जबकि ब्रिज का काम 14 वर्षों में पूरा होते-होते तीन विधायक बदल गए।

2008 में कटनी नदी पर पुल की जरूरत को देखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कटनी को यह सौगात दी थी। तत्कालिक रूप से अलका जैन ने भोपाल स्तर पर स्वीकृति की कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष ईश्वरदास रोहाणी से इसकी आधारशिला भी रखवा दी थी। चुनाव के बाद गिरिराज किशोर पोद्दार जब विधायक बने तो उन्होंने मुख्यमंत्री के कटनी आगमन के दौरान एक बार फिर इसका भूमिपूजन कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया। 5 साल बाद राजू पोद्दार भी रिपीट नहीं हो पाये और संदीप जायसवाल विधायक बने। उनके 9 साल से अधिक के कार्यकाल और इसके पहले करीब 4 वर्ष के कार्यकाल के दौरान ब्रिज में अनेक रोड़े आए। कभी इसकी ड्राइंग डिजाइन को लेकर, कभी कार्य की गुणवत्ता को लेकर तो कभी ठेकेदार के पलायन को लेकर। इस दौर में यह ब्रिज कटनी के लिए नासूर ही साबित हुआ। एक समय ऐसा भी आया जब आधे अधूरे ब्रिज के स्लैब को विस्फोट कर उड़ा दिया गया। नये सिरे से काम शुरू कर किसी तरह इसको पूरा किया गया तो जनता के लिए इसे समर्पित करने का कार्यक्रम ही विवादों से घिर गया। क्षेत्र के लोगों


फीता काटकर नवनिर्मित कटनी नदी पुल का लोकार्पण करतीं यशिका मलिक।

का कहना है कि इसके निर्माण में जितनी देरी हुई, इसका लोकार्पण उतनी ही जल्दबाजी में कर दिया गया, जबकि अभी न तो इसकी एप्रोच रोड सही तरीके से बन पाई है और ना ही यहां लगे पोल को हटाया गया है। टर्निंग और एप्रोच सही न होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

ब्रिज के लोकार्पण को लेकर भाजपा के अंदर ही कई तरह की चर्चाएं सुनी जा रही हैं। लोगों का कहना है कि उद्घाटन के कार्यक्रम से आखिर संगठन और भाजपा के बड़े नेताओं को दूर क्यों रखा गया। मुश्किल से 14 साल में कम्प्लीट हुए ब्रिज के शुरू होने के मौके पर न तो प्रशासनिक अधिकारी मौजूद दिखे और ना ही महापौर सहित अन्य नेतागण। दूसरे दलों के नेताओं को इस मौके पर बुलाने की तो बात ही दूर। बताया जा रहा है कि भाजपा संगठन के लोगों के पास ही इस उद्घाटन की कोई खबर नहीं थी। मौके पर केवल चंद विधायक समर्थक ही नजर आए। यह भी सवाल उठ रहा है कि ब्रिज की स्वीकृति से लेकर निर्माण कार्य पूर्ण होने तक जब अनेक लोगों का योगदान रहा तो कोई एक नेता इस कार्य का अकेले श्रेय कैसे ले सकता है।

### छलका पूर्व विधायक का दर्द

इस सिलसिले में यशभारत से बातचीत में पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन का कहना था कि ब्रिज की सौगात उन्होंने अपने कार्यकाल में दी थी, लेकिन दुःख का विषय यह है कि इसे आम जनता को समर्पित करते वक्त मुझे ही भुला दिया गया। उन्होंने साफ कहा कि विधायक ने अपने खास मित्र नवलेश मलिक की बेटी से फीता कटवा दिया। पार्टी के लोगों को इस तरह उपेक्षित करना दुर्भाग्यपूर्ण है।



### क्या कहते हैं विधायक

मीडिया से बातचीत में विधायक संदीप जायसवाल का कहना था कि चांडक चौक में रोज हो रहे ट्रैफिक जाम से राहत एवं ब्रिज निर्माण में लंबा अरसा लग जाने की वजह से नये ब्रिज की शुरूआत और अधिक टाली नहीं जा सकती थी। इसे तत्काल शुरू कराना जरूरी था। उन्होंने कहा कि नये पुल से आवागमन शुरू होने से अब शहरवासियों को पुराने पुल व चांडक चौक पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। आवागमन सुगम होगा और शहर का ट्रैफिक सिस्टम बेहतर होगा।



### 6 करोड़ 84 लाख 78 हजार रुपए की लागत

ठेकेदार रामसज्जन शुक्ला ने बताया कि करीब 6 करोड़ 84 लाख 78 हजार रुपए की लागत से बने नवनिर्मित कटनी पुल की लंबाई 101.600 मीटर है। पुल की ओवर ऑल चौड़ाई 11.70 मीटर है। दोनों ओर फुटपाथ 0.75 मीटर है। 45.45 मीटर में दो स्पान तथा 5.80 मीटर प्रत्येक में दो राइडर स्पान पुल को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

---

**प्रशासन की कार्रवाई से बिचौलियों और व्यापारियों में मचा हड़कम्प**

# किसी ने खेत तो किसी ने दुकान में छिपाई धान

### नैगवां में छिपाई 161 बोरी धान जब्त, केंद्र में खपाने की थी कोशिश, थाने में वाहन जब्त



**कटनी, यशभारत।** समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए अब केवल 4 दिन बचे हैं। किसान जहां इन बचे हुए दिनों में अपनी उपज केन्द्रों में ले जाकर बेच रहा है तो वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन द्वारा अनयमितताएं रोकने के लिए भरसक कोशिश की जा रही है। उधर दूसरी तरफ समर्थन मूल्य पर बने उपार्जन केंद्रों में अवैध तरीके से धान के विक्रय की शिकायतें भी सामने आ रही है। मंगलवार की रात 9 बजे स्लीमनाबाद तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे ने मुखबिरों से सूचना मिलने पर तहसील क्षेत्र के ग्राम नैगवां डूंगरहाई में दबिश दी। यहां एक खेत में धान को तेवरी के व्यापारी नीलेश असाटी द्वारा छिपाकर रखा गया था। यह इसलिए किया जाना बताया जा रहा था, क्योंकि सोमवार को तेवरी में एसडीएम संघमित्रा गौतम ने राजस्व व खाद्य विभाग के अमले के साथ मिलकर 5 व्यापारियों के पास से 428 क्विंटल अवैध धान को जब्त कर गोदामों को सील किया है। व्यापारी ने नैगवां में खेत में धान छिपाकर रखी थी। धान को जब्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी। तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे ने बताया कि नैगवां में खेत मालिक गोविंद अग्रवाल के यहां दबिश देने पर 161 बोरी धान लगभग 64 क्विंटल जब्त की गई है। धान के संबंध में पूछताछ की गई तो उक्त धान तेवरी व्यापारी नीलेश असाटी की पाई गई। व्यापारी को बुलाया गया, जिससे उक्त धान के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, जो नहीं मिले। जिस पर उक्त धान को जब्त करते हुए 407 वाहन को स्लीमनाबाद थाने में खड़ा कराया गया।

## मकर संक्रांति पर रूपनाथ धाम में उमड़ेगा जनसैलाब

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद के प्रसिद्ध रूपनाथ धाम में सात दिनों जन सैलाब उमड़ेगा। 14 जनवरी मकर संक्रांति से सात दिवसीय मेले का आगाज होगा। प्रसिद्ध मेले को लेकर ग्राम पंचायत तमुरिया के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। मेला प्रांगण को समतलीकरण व साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्राम पंचायत तमुरिया सरपंच नरेंद्र सैनी ने बताया कि रूपनाथ मेला को लेकर पंचायत के द्वारा नीलामी प्रक्रिया पूर्ण करा ली गई है। मेला स्थल में प्रकाश पेयजल सहित अन्य जरूरी सुविधा की समुचित व्यवस्था कराई जाएगी। जानकारी के अनुसार प्रसिद्ध रूपनाथ मेला में दूरदराज से बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग व्यापार के लिए आएंगे साथ ही बहोरीबंद तहसील के अलावा अन्य दूसरे स्थानों से भी लोग बड़ी संख्या में मेला देखने पहुंचते है। मेला शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो इसके लिए पुलिस बल की भी उपस्थिति रहेगी।

# नामांतरण के लिए सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर तैयार किए दस्तावेज

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत निमास में नामांतरण प्रकरण मामले में सरपंच के फर्जी सील साइन कर दस्तावेज तैयार किए जाने का मामला सामने आया है। कूटरचित दस्तावेज तैयार किए जाने की जानकारी मिलने पर सरपंच विनीता नायक ने स्लीमनाबाद थाना व नायब तहसीलदार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। सरपंच विनीता नायक ने शिकायत पत्र के माध्यम से बताया कि राजस्व विभाग से संबंधित एक नामांतरण मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए हैं। गांव के ही गुड्डू उर्फ छोटेलाल भूमिया, जिसकी मृत्यु 15 जनवरी 2004 को हो गई थी, उसकी पत्नी एवं बच्चों का सिजरा तथा सुम्मी बाई जौजे सुम्मा भूमिया, जिसकी मृत्यु 16 मार्च 2000 को हो गई है, इससे संबंधित फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के सहारे सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर एवं सील का उपयोग कर सिजरा तैयार कर लोकसेवा केंद्र में नामांतरण मामले में पेश किया गया है। जबकि सिजरा सरपंच के द्वारा जारी ही नहीं किया गया है। सरपंच ने इस पूरे मामले में हल्का पटवारी की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। सरपंच ने बताया कि इस कूट रचित मामले पर हल्का पटवारी की भी संलिप्तता है। इधर इस मामले को लेकर थाना प्रभारी विपिन सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कारवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार स्लीमनाबाद शशांक दुबे ने कहा कि निमास सरपंच द्वारा की गई शिकायत से मामला संज्ञान में आया है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी को जांच कर कारवाई के लिए कहा गया है। हल्का पटवारी को भी तलब किया गया है। यदि पटवारी की संलिप्तता है तो उस पर भी कारवाई की जाएगी।


फर्जीवाड़ा : निमास सरपंच ने नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी से की शिकायत

## जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी ने आयोजित किया वन भोज



**कटनी, यशभारत।** नववर्ष के उपलक्ष्य में जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा ग्राम कैलवाराकला में रविवार को वनभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वनभोज कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथिलेश जैन पूर्व जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी, चमन लाल आनंद, रामरतन पायल, डी डी बैनर्जी, संजीव सूरी सहित शहर हर वर्ग के लोग मौजूद थे। जगन्नाथ ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी, उपाध्यक्ष विजय ठाकुर ने सभी के प्रति आभार जताया।

## जिले में पहली बार कटनी काइट फेस्टिवल 15 को

### पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में होगा आयोजन

**कटनी, यशभारत।** मकर संक्राति पर जिले में पहली बार पुलिस विभाग के सहयोग से इवेंट फैक्ट्री और टीम नवरास द्वारा पतंग महोत्सव कटनी काइट फेस्टिवल का आयोजन पुलिस लाइन झिंझरी में किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजन प्रमुख आदेश खरया ने बताया कि 15 जनवरी को सुबह 11 से शाम 4.30 बजे तक यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी आयु वर्गों के आम नागरिकों के लिए आयोजित इस महोत्सव की थीम बाल यौन संरक्षण और साइबर क्राइम जागरूकता रखी गई है। काइट फेस्टिवल में पतंग पेंच लड़ाने की सिंगल और टीम प्रतियोगिता एक ही धागे में ज्यादा से ज्यादा पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता, बालिकाओं और महिलाओं के लिए थीम बेस्ड रंगोली सजाओ प्रतियोगिता, बच्चों के लिए थीम बेस्ड काइट क्राफ्टिंग प्रतियोगिता, पुलिस जवानों के लिए अंतर थाना पतंगबाजी मुकाबला सहित कई अन्य प्रतियोगिता और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही मकर संक्रांति के पावन पर्व के मद्देनजर तेवरी के स्पेशल कॉर्न फूड स्टॉल और अन्य फूड्स स्टॉल भी आयोजन स्थल पर होंगे। विजयी प्रतिभागियों के साथ साथ सभी प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जायेंगे। प्रतियोगिता फॉर्म अग्रसेन स्टेशनर्स कचहरी चौक, ब्रिटिश स्कूल ऑफइंग्लिश नई बस्ती, शिवांशु ऑनलाइन सर्विस रोशन नगर से प्राप्त कर सकते हैं।

**स्व. अभिषेक अवस्थी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ**

# थाना प्रभारी एवं सीईओ ने लगाए चौके-छक्के





**रीठी, यशभारत।** रीठी तहसील के खेल मैदान में कल 10 जनवरी से स्वर्गीय अभिषेक अवस्थी स्मृति क्रिकेट टेनिस बॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ तहसील स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के मुख्य आतिथ्य सम्पन्न हुआ।


गौरतलब है कि रीठी के खेल मैदान में पिछले लगातार 8 वर्षों से टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। कल मंगलवार 10 जनवरी को मैच का भव्य शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट उद्घाटन के अवसर पर जनपद अध्यक्ष अर्पित अनुरोध अवस्थी, तहसीलदार राजेश कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय के अलावा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच में बच्चों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया, इसके पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन स्वर्गीय अभिषेक अवस्थी के पिता अशोक अवस्थी के द्वारा फीता काटकर किया गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन में थाना प्रभारी रीठी श्रीमती पूजा उपाध्याय के द्वारा मैदान पर लंबे-लंबे चौके और छक्के लगाकर मैच का शुभारंभ किया गया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा ने भी बल्लेबाजी में अपने हाथ आजमाए। कल उद्घाटन मैच में बच्चों का मैच ही हुआ।

रीठी क्रिकेट मैदान में स्वर्गीय अभिषेक अवस्थी टूर्नामेंट के विजेता को 51 हजार रूपए नगद एवं ट्रॉफी उपविजेता को 21 हजार रूपए नगद व ट्राफी प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट के संयोजक गणेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मैच का फाइनल 26 जनवरी को हुआ करता था लेकिन इस बार फाइनल की तिथि अभी तय नहीं हुई है। फाइनल की तिथि हीघ्र ही तय कर दी जाएगी। विदित हो कि टूर्नामेंट में रीठी के साथ ही आसपास और कई शहरों की कई टीमें भाग लेंगी।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 16th December 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी में
जिले की एक मात्र न्यूरो & ट्रामा यूनिट
जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी यूनिट
न्यूरो सर्जन
ब्रेन हेमरेज स्ट्रोक यूनिट
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी
ब्रेन की नसों की एंजियोग्राफी,एंजियोप्लास्टी
इन्ट्राक्रैनियत हेमरेज क्वाइलिंग
दूरबीन द्वारा ब्रेन एवं स्पाइन के ऑपरेशन
Dr.S.K.Gupta
M.B.B.S., M.S. (SURGERY) M.Ch (Neuro) SENIOR NEURO-SPINE SURGEON
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
पैथालॉजी
कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग एवं जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
हार्निया
ऍपेन्डिक्स
पित्त की थैली की पथरी
आंतों एवं पेट की अन्य बीमारियों हेतु
Dr.S.K.Singh
M.B.B.S., M.S.,F.M.A.S
प्रतिदिन उपलब्ध
आयुष्मान योजना द्वारा ऑपरेशन तथा भर्ती की सुविधा उपलब्ध
प्रतिदिन उपलब्ध
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

## प्रत्येक क्षेत्र में चौतरफा विकास के कारण निवेश के लिए अनुकूल बना राज्य

# दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कारिडोर से मिलेगी आर्थिक गतिविधियों को गति

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश देश के कई बड़े प्रोजेक्टस से जुड़ा हुआ है। दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कारिडोर के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन आया है। ग्वालियर से होकर जाने वाले ईस्ट-वेस्ट कारिडोर (एनएच 27) को उत्तर भारत में प्रवेश करने के लिए मध्य प्रदेश का गेट वे कहा जाता है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए अटल प्रगति पथ बनाया जा रहा है तो नर्मदा प्रगति पथ विकास की गतिविधियों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा। पथ की दोनों ओर औद्योगिक पार्क विकसित किया जाना प्रस्तावित है। इंदौर-भोपाल के बीच 20 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र मेगा इंवेस्टमेंट जोन प्रस्तावित किया गया है।

### प्रदेश निवेशकों के लिए पूरी तरह तैयार

प्रदेश में अधोसंरचना से लेकर बिजली, पानी, भूमि सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। चौतरफा विकास के कारण निवेश के लिए अनुकूल यह राज्य बन गया है। सभी अनुमतियां एकल खिड़की व्यवस्था के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इतना ही नहीं, निश्चित समय सीमा में अनुमतियां नहीं मिलने पर जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई करने के साथ स्वमेव अनुमति प्राप्त होने का प्रविधान किया गया है। राज्य में 95 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र, सात स्मार्ट सिटी और परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। खेती एवं प्रसंस्करण क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है, जिससे औद्योगिक निवेश के लिए माहौल बना है। इसके साथ ही फार्मास्यूटिकल आटोमोटिव इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल, लाजिस्टिक, आइटी, अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, शहरी विकास ऐसे क्षेत्र हैं, जहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

### आटोमोबाइल के क्षेत्र में निरंतर हो रहा निवेश

प्रदेश में आटो मोबाइल के क्षेत्र में निरंतर निवेश हो रहा है। 10 से अधिक उपकरण निर्माता और 200 से अधिक आटो कंपोनेंट निर्माता काम कर रहे हैं। इंदौर और भोपाल में भारत के अग्रणी आटो क्लस्टर हैं। पीथमपुर में साढ़े चार हजार हेक्टेयर में विकसित औद्योगिक क्लस्टर 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। इंदौर में एशिया का सबसे लंबे और तेज गति के टेस्टिंग ट्रेक नेट्रेक्स की स्थापना की गई है।

## यहां औद्योगिक विकास केंद्रों के साथ क्लस्टरों का भी हो रहा विकास।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की संभावना

मध्य प्रदेश उद्यानिकी, मसालों, संतरा, अदरक, लहसुन, दलहन, तिलहन एवं डेरी उत्पाद में अग्रणी है। केंद्र सरकार से सात बार प्रदेश को कृषि कर्मण पुरस्कार मिल चुका है। कृषि विकास दर देश में सर्वाधिक है। सिंचाई का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो रही है। आठ सरकारी और दो निजी मेगा फूड पार्क हैं। जैविक खेती में अव्वल होने के साथ अब प्राकृतिक खेती की दिशा में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। खाद्य प्रसंस्करण और भंडारण के क्षेत्र निवेश की अपार संभावना है।

### 160 देशों को मप्र से निर्यात हो रही दवा

मध्य प्रदेश फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। इंदौर, देवास, भोपाल, मंडीदीप, मालनपुर और पीथमपुर में फार्मा क्लस्टर हैं। यहां 300 फार्मा एवं मेडिकल यूनिट से एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना की गई है। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, जर्मनी, ब्राजील, हालैंड सहित 160 से अधिक देशों में राज्य में बनने वाली दवाइयां निर्यात की जा रही हैं। वर्ष 2021 में राज्य से 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का फार्मा निर्यात किया गया। फार्मा सेक्टर के विकास और क्षमता को देखते हुए प्रदेश में फार्मा औद्योगिक पार्क की स्थापना प्रस्तावित है।

### लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग

देश के केंद्र में स्थित होने के कारण मध्य प्रदेश लाजिस्टिक और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में निवेश के लिए आदर्श राज्य है। देश की 50 प्रतिशत आबादी मध्य प्रदेश से जु?ी हुई है। इससे विशाल उपभोक्ता बाजार पर नियंत्रण किया जा सकता है। केंद्र सरकार के सहयोग से इंदौर और भोपाल में मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। प्रदेश स्टील साइलो निर्माण के क्षेत्र में भी अग्रणी है।

### 10 साल में बढ़ी 11 गुना अक्षय ऊर्जा क्षमता

मध्य प्रदेश में अक्षय ऊर्जा की क्षमता वर्ष 2012 की तुलना में 11 गुना बढ़ गई है। सर्वाधिक सोलर रेडिएशन के कारण राज्य सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए आदर्श स्थान है। अक्षय ऊर्जा नीति बनाकर अक्षय ऊर्जा उपकरण निर्माण



और नवाचार करने वाला पहला राज्य है। अक्षय ऊर्जा का मध्य प्रदेश की ऊर्जा क्षमता में 20 प्रतिशत का योगदान है। विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पार्क (600 मेगावाट) ओंकारेश्वर में स्थापित किया जा रहा है।


### रक्षा क्षेत्र एवं एयरोस्पेस सेक्टर

मध्य प्रदेश रक्षा उपकरण निर्माण के लिए आदर्श राज्य है। भारत की पहली निजी क्षेत्र की लघु हथियार निर्माण यूनिट प्रदेश में स्थापित की गई है। यहां इंडस्ट्री एवं सिविल हवाई सेवा के लिए 26 एयर स्ट्रिप हैं। मेगा इंवेस्टमेंट रीजन के साथ इंदौर के समीप ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रस्तावित है।

# ट्रेन में बीमार महिला यात्री की फूली सांसें

## तो आधी रात को आक्सीजन सिलिंडर लेकर पहुंचे भोपालवासी

**भोपाल, यशभारत।** राप्तीसागर ट्रेन में कानपुर से काठपाड़ी की यात्रा कर रही महिला यात्री तृप्ति गौर की सांसें फूलने लगीं तो आधी रात को उसके स्वजनों ने भोपाल को याद किया। उनकी ट्रेन भोपाल स्टेशन पर आकर ठहरती, उसके पहले यहां के लोगों द्वारा मदद का भरोसा देने के बाद रेलवे की ओर से उन्हें सूचना दी कि घबराए नहीं, आक्सीजन सिलिंडर का इंतजाम हो जाएगा। उनकी ट्रेन स्टेशन पहुंचती, उसके पहले कड़कड़ाती ठंड में लोग आक्सीजन सिलिंडर लेकर स्टेशन पहुंच गए। ट्रेन ठहरी तो उन्हें एक छोटा सिलिंडर निश्शुल्क उपलब्ध कराया। स्वजनों द्वारा मांगे जाने पर दूसरा सिलिंडर भी दिया। इस पर तृप्ति गौर के स्वजनों ने भोपाल वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। वाकया मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब एक बजे का है।बता दें कि बरौनी से एर्नाकुलम के बीच चलने



वाली राप्तीसागर एक्सप्रेस में 64 वर्षीय तृप्ति गौर सफर कर रही थीं, जो लंबे समय से बीमार हैं। उन्हें श्वास लेने में परेशानी है और वह आक्सीजन सपोर्ट के साथ चल रही थीं। उनके साथ सफर कर रही उनकी स्वजन आनंदी को पता चला कि आक्सीजन सिलिंडर तो खत्म् होने वाला है तो उन्होंने रेल सुविधा नंबर 139 व रेल मदद एप पर मदद मांगी। आगे भोपाल स्टेशन था, जिसे उक्त सूचना मिली। तब ड्यूटी पर डिप्टी स्टेशन प्रबंधक कर्मिशयल अखिलेश खरे मौजूद थे। उन्होंने सबसे पहले इसकी सूचना रेलवे अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मृणाल जोशी को दी। वह स्टेशन पहुंचे। यहां से पूर्व में सिलिंडर उपलब्ध करा चुके स्वयंसेवी संस्थाओं के लोगों को सूचना दी गई और मदद मांगी गई। जिसके बाद लोग आक्सीजन सिलिंडर का इंतजाम करने के लिए जुट गए और ट्रेन के पहुंचने से पहले सीपीएसडी हेल्थ केयर फाउंडेशन के अभिषेक मकवानी, निहाल सिंह सहित अन्य लोग सिलिंडर लेकर रात 12.35 बजे स्टेशन पहुंचे। तब ड्यूटी पर डिप्टी स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा थे, उन्होंने ट्रेन की लोकेशन पता की तो मालूम पड़ा कि ट्रेन सूखीसेवनिया से निशातपुरा के बीच है। इस बीच दूसरी ट्रेनों को प्लेटफार्म-एक पर जगह नहीं दी गई, सबसे पहले राप्तीसागर एक्स्प्रेस को लिया गया। रात करीब एक बजे उक्त ट्रेन प्लेटफार्म पर आकर खड़ी हुई तो तृप्ति गौर के पास पूर्व से लगा सिलिंडर निकालकर नया लगाया गया।

## अगले सप्ताह आने की उम्मीद

# केन्द्र सरकार से अभी तक नहीं मिले कोविशील्ड के पांच लाख डोज

**भोपाल यशभारत।** केन्?द्र सरकार से प्रदेश सरकार को कोरोनारोधी टीका कोविशील्ड की पांच लाख डोज पांच जनवरी के बाद मिलने वाली थी, लेकिन अभी तक नहीं आई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि केन्?द्र सरकार का जोर इस बात पर है कि राज्य पहले अपने पास रखी 85 लाख डोज कोवैक्सीन खत्म करे। उधर, प्रदेश के सामने चुनौती यह है कि टीका लगवाने के लिए न के बराबर लोग आ रहे हैं। ऐसे में वैक्सीन की खपत कहां करें। सतर्कता डोज के लिए सबसे ज्यादा मांग कोविशील्ड की है। इसकी वजह है कि 80 प्रतिशत लोगों को यही वैक्सीन लगी है। हालांकि, अधिकारियों को उम्मीद है कि केंद्र से थोड़ी-बहुत मात्रा में कोविशील्ड अगले सप्ताह तक जरूर मिलेगी। मध्य प्रदेश में कोविशील्ड का टीका पिछले डेढ़ माह से उपलब्ध नहीं है।




कोरोना की तैयारियों को लेकर समीक्षा के दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडविया से प्रदेश को कोविशील्ड की पांच लाख डोज निःशुल्क देने की मांग की थी।

इसके एक सप्ताह बाद वैक्सीन देने का निर्णय भी हो गया था, पर अब इसमें देरी हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों को लग रहा है कि वैक्सीन की खपत नहीं होगी और यह एक्सपायर हो जाएगी। इस कारण है आपूर्ति करने पर निर्णय नहीं हो पा रहा है।

# छह माह में सड़क की मरम्मत नहीं की तो ब्लैक लिस्ट होंगे ठेकेदार

**भोपाल ईएमएस।** विधानसभा चुनाव से पहले सरकार प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत कराएगी। इसके लिए वित्त विभाग ने लोक निर्माण विभाग को 400 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी दे दी है। विभाग ने भी काम को समय सीमा में पूरा करने के लिए कार्ययोजना बना ली है। इसमें निर्धारित किया गया है कि पांच करोड़ रुपये तक के काम तीन माह, 10 करोड़ रुपये तक के काम पांच माह और इससे अधिक राशि की मरम्मत से जुड़े काम छह माह में पूरे करने होंगे। यदि ठेकेदार काम पूरा करने में विफल रहता है तो उसका ठेका निरस्त करने के साथ उसे ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी।प्रदेश में अतिवर्षा के कारण 14 हजार किलोमीटर राज्य मार्ग और जिला मुख्य मार्ग प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्राथमिकता के आधार पर संधारण के काम करने के निर्देश दिए हैं। इसके अनुसार लोक निर्माण विभाग ने कार्ययोजना तैयार की है। वित्त विभाग ने अनुपूरक बजट में मरम्मत और नवीनीकरण के काम के लिए विभाग को



अतिरिक्त राशि देने का प्रविधान भी कर दिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि छह माह में मरम्मत का काम पूरा करा लिया जाएगा। इसके लिए निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। ठेकेदारों को निर्धारित समयसीमा में काम पूरा करना होगा। यदि वे इसमें विफल रहते हैं तो उन्हें ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। विशेष परिस्थिति में ही अधिकतम दो माह का अतिरिक्त समय दिया जा सकेगा। उधर, विभागीय मंत्री गोपाल भार्गव ने सभी परिक्षेत्र के मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि वे स्वयं मरम्मत के कामों की निगरानी करें। प्रति सप्ताह समीक्षा के साथ गुणवत्ता का भी ध्यान रखें।

## रेलवे सुरक्षा बल ने पेश की मिसाल, जेवर और नगदी भरे बैग यात्री को लौटाया

भोपाल,यशभारत। एमपी के इटारसी स्टेशन जिले में रेलवे सुरक्षा बल ने ईमानदारी का मिसाल पेश करते हुए प्लेटफॉर्म पर यात्री के छूटे लाखों के बैग को उसे सौंपा है। वहीं, बैग में लाखों के जेवर और नगदी को सही सलामत पाकर यात्री ने आरपीएफ इटारसी का आभार जताया है।दरअसल, रेल सुरक्षा बल के एएसआई आवेंद्र प्रताप सिंह, आरक्षक लालू चौधरी और एसआई सचिन मलिक के साथ गस्त के दौरान इटारसी स्टेशन प्लेटाफॉर्म नंबर 4/5 पर समय करीबन 3बजे एक काले-ग्रे कलर का लावारिस बैग मिला। बैग को पोस्ट पर ले जाकर उसकी चेंकिग की गई। बैग में एक सोने की चैन वजन 04 तोला कीमत 02 लाख रुपये, दो सोने की अंगूठी कीमत 01 लाख रुपये, नगद 700/-, 01 सैमसंग कंपनी का टैबलेट कीमत 14000/- रुपए और 01 एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड व अन्य जरूरी सामान मिला।

## सिटी बस में जेबकतरों का आतंक, पकड़े जाने पर यात्रियों से मारपीट कर छुरी मारी

**भोपाल। यशभारत।** भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) की बस टीआर-4 बी बस में पुल बोगदा के पास जेबकटी का मामला सामने आया है। जेबकट को जब यात्रियों ने रंगेहाथ दबोच लिया तो जेबकट ने उसे छुरी मारकर घायल कर दिया। हमले में एक यात्री घायल हुआ है, लेकिन पुलिस ने इस तरह की किसी भी शिकायत थाने तक नहीं पहुंचने की बात कही है।इधर, बीसीएलएल के अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की घटना सोमवार शाम करीब छह बजे के आसपास हुई है और यात्री को चाकू लगने से चोट आई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है।जानकारी के अनुसार पुल बोगदा के पास कुछ यात्रियों ने एक जेबकट को संदिग्ध परिस्थितियों में देखा था। यात्रियों ने शोर मचाते हुए जेबकट का विरोध किया तो वह उग्र हो गया और धक्का मुक्की करने लगा। यात्रियों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपित चाकू निकालकर धमकाने लगा।

बस में होने वाली वारदात के बाद हर बार की तरह इस बार भी बस चालक और क्लीनर बस छोड़कर फरार हो गए थे। बीसीएलएल प्रबंधन ने बस चालक और क्लीनर से यात्रियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए घायल यात्री को अस्पताल ले जाने का कहा और थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है।

## रिश्वतखोरी के आरोपित रेलकर्मी को सीबीआई ने रिमांड पर लिया

**भोपाल यशभारत।** रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार भोपाल रेल मंडल कार्यालय के कार्मिक विभाग के कार्यालय अधीक्षक मुकेश भगत को सीबीआइ ने मंगलवार को न्यायालय में पेश किया। यहां से सीबीआइ ने पूछताछ के लिए उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है।कर्मचारी के घर में जांच एजेंसी ने सोमवार देर रात तक तलाशी भी की थी। घर से कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इनका परीक्षण किया जा रहा है। दो से तीन दिन में यह काम पूरा होने के बाद और जानकारी सामने आ सकती है। भगत ने एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की पेंशन बनाने व अन्य दावा राशि देने के लिए 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। कर्मचारी ने इसकी शिकायत सीबीआइ से की। सीबीआइ ने भगत को डीआरएम कार्यालय में ही रिश्वत लेते सोमवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

## दूसरी मंजिल से सड़क पर गिरी महिला, मौत

भोपाल, यशभारत। राजधानी के मिसरोद इलाके में अनुजा विलेज कालोनी में रहने वाली 42 वर्षीय उमा द्विवेदी की दो मंजिल ऊंची छत से गिरने से मौत हो गई।घटना मंगलवार सुबह की है। महिला सुबह छत पर किसी काम से गई थी, जहां से वह अचानक नीचे गिर गई। जब आसपास के लोगों ने किसी के गिरने की आवाज सुनी, तो दौड़कर वहां पहुंचे। उन्होंने महिला के स्वजनों को तुरंत इसकी जानकारी दी। स्वजन महिला को नाजुक हालत में लेकर एम्स पहुंचे। जहां डाक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिसरोद थाने के एएसआइ अरुण शर्मा के मुताबिक उमा द्विवेदी गृहणी थी और अपने परिवार के साथ रहती थीं। उनके पति होशंगाबाद रोड पर स्थित एक स्कूल में नौकरी करते हैं। मंगलवार को वह किसी काम से अपने दो मंजिला मकान की छत पर किसी काम से गई थी। जहां पीछे की तरफ ज्यादा झुकने से वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई।

## भोपाल गैस त्रासदी

# सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को झटका, कहा– 30 साल बाद मामले को फिर नहीं खोल सकता

**भोपाल,ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से सवाल किया कि भोपाल गैस त्रासदी पीड़ितों के संबंध में पहले हुए समझौते पर पुनर्विचार कैसे किया जा सकता। कोर्ट ने कंपनी की तरफ से प्रदान 470 मिलियन डॉलर से अधिक रकम में से 50 करोड़ रुपये पी?तों को वितरित न होने पर चिंता जताई। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की है। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से पूछा कि समझौता एक विशेष समय पर हुआ था। कोर्ट ने कहा कि क्या अदालत कह सकती है कि 10 साल, 20 साल या 30 साल बाद नए दस्तावेजों के आधार पर समझौता करें? वहीं, यूनियन कार्बाइड का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि दस्तावेजों का एक नया सेट है। पीठ ने एजी से सवाल किया, क्या क्यूरेटिव पिटीशन में किसी नए दस्तावेज की अनुमति दी जा सकती



है? जस्टिस संजीव खन्ना, ए.एस. ओका, विक्रम नाथ, और जे.के. माहेश्वरी की बेंच ने कहा कि सरकार की तरफ से कोई समीक्षा दायर नहीं की गई है। 19 साल के अंतराल के बाद एक उपचारात्मक याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया है कि समझौता दो पार्टियों के बीच है और पार्टियों में से एक भारत संघ है और यह कमजोर पार्टी नहीं है। एजी ने जवाब दिया कि जरा समझौते पर नजर डालिए, क्या इससे कोई न्यायपूर्ण निष्कर्ष निकला? जस्टिस कौल ने एजी से पूछा, इस तरह की क्यूरेटिव पिटीशन का दायरा क्या था, खासकर इस समय वेंकटरमणि ने जवाब दिया कि समझौते में एक संशोधन था। एजी ने कहा कि हम किसी समझौते को रद्द करने के लिए नहीं कह रहे हैं। जस्टिस कौल ने पूछा कि 50 करोड़ रुपये अवितरित क्यों पड़े हैं। क्या लोगों के पास पैसा नहीं जाने के लिए सरकार जिम्मेदार है? एजी ने कहा कि दावेदारों की संख्या समीक्षा के फैसले से अधिक हो गई है। जस्टिस कौल ने कहा कि अटॉर्नी, कृपया हमें बताएं कि रिव्यू फाइल करने के बाद क्यूरेटिव क्यों और कैसे नहीं? बेंच ने एजी से एक खास सवाल पूछा कि सेटलमेंट को फिर से कैसे खोला जा सकता है? साल्वे ने कहा कि हमारी स्थिति बहुत सरल है। एक समझौता है और एक समझौते में कोई पुनरोद्धार खंड नहीं है। उन्होंने कहा कि समझौते में राहत और पुनर्वास को स्पष्ट रूप से बाहर रखा गया था और अब वे इसकी मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि वह भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को मुआवजा बढ़ाने की मांग वाली अपनी उपचारात्मक याचिका को आगे बढ़ाने की इच्छुक है। एजी ने कहा था कि यह एक त्रासदी है जो हर रोज सामने आ रही है और पीड़ितों को छोड़ा नहीं जा सकता है। पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख ने तर्क दिया था कि पिछले कुछ वर्षों में त्रासदी की तीव्रता पांच गुना बढ़ गई है।

# आमजन से जुड़ी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाएं

## समय सीमा बैठक में विभागों के कार्यो की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अफसरों को दिए निर्देश



कटनी,यशभारत। शासकीय योजनाओं मे अपेक्षित प्रगति लाने एवं आमजन से जुडी योजनाओं का परिणामोन्मुखी क्रियान्यवन सुनिश्चित कराने के उद्धेश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा समय सीमा की बैठक के दौरान श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, आदिम जाति एवं कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, मतस्य विभाग, उद्यनिकी विभाग, जिला पंजीयक विभाग सहित योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की जाकर उपस्थित अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश प्रदान किए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जल संसाधन विभाग के तहत सांसद निधि, विधायक निधि, डी.एम.एफमद, 15 वे वित्त आयोग, उद्योग निधि, राजीव शिक्षा केन्द्र हॉस्टल, परर्मामेंस ग्रांट कनवर्जेंस निधि के अंतर्गत जिले में 2531.45 करोड की लागत से चल रहे निर्माण कार्यो की भौतिक प्रगति, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यो की समीक्षा की जाकर कार्य की गति धीमी पाये जाने पर योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने के साथ ही सी.सी के आधार पर ही वर्क कंपलीट रिपोर्ट दिये जानें के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान पी.आई.वी एवं डी.एम.एफमद योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों की जानकारी वर्षवार प्रदान करनें हेतु निर्देशित किया गया। मनरेगा एवं स्टांप ड्यूटी मद के तहत विभिन्न स्थलों में कराये जा रहे कजवे कम स्टाप डैम, तालाब सौदर्यीकरण कार्य, खेल प्रोत्साहन हेतु स्टेडियम निर्माण, स्कूल बाउन्ड्रीवाल निर्माण तथा तालाब निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित अन्य कार्यो की विस्तार से समीक्षा की गई। आर.ई.एस एवं जल संसाधन विभाग को बडे तालाब के निर्माण हेतु एक सप्ताह में तकनीकी कार्यवाही पूर्ण कर स्थल का चयन करने के निर्देश दिए गए। माध्यमिक शाला राखी पुरैनी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण पूर्ण न किये जाने पर संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना के तहत जिले मे 20 स्थलों मे चल रहे निर्माण कार्यो तथा मनरेगा एवं 15 वे वित्त मदके कनवर्जेंस के अंतर्गत 6 निर्माण कार्यो व जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के तीन निर्माण कार्यो की समीक्षा की जाकर बरही मे बैडमिंटन कोर्ट इंडोर स्टेडियम हेतु स्थानीय खिलाडियों के साथ स्थल का निरीक्षण करानें के निर्देश दिए। आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजना अपना घर अपना विद्यालय कन्या शिक्षा परिसर, वनाधिकार अधिनियम, अनुसूचित जाति पोस्ट मेट्रिक योजना छात्रवृत्ति के तहत एम.पी टास्क पोर्टल एप्प एवं स्कालर शिप पोर्टल पर निर्धारित एवं स्वीकृत लक्ष्य की समीक्षा दौरान एम.पी. टास्क पोर्टल हेतु के लंबित 95 प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा इस हेतु अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के हेतु निर्देशित किया गया। शासन की स्वरोजगार मूलक बिरसा मुण्डा योजना एवं टाट्या मामा योजना के तहत स्वीकृत प्रकरणो एवं बैंक की ओर प्रेषित प्रकरणों की जानकारी ली जाकर एल.डी.एम से पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। पशुपालन विभाग के माध्यम से संचालित की जा रही योजनाओ की समीक्षा के दौरान विभाग के निर्धारित लक्ष्य एवं स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा कर योजना के सफल क्रियान्वयन एवं नागरिकों को लाभान्वित करने हेतु विभागीय केलेण्डर जारी कर गांव में चौपाल आयोजित करनें एवं पशुपालकों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। विभाग से संबंधित एक बडा प्रोजेक्ट तैयार कर एन.आर.एल.एम. एवं दुग्ध संघ को भी इससे जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। मतस्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में उपलब्ध कुल जल संसाधन, जलाशयों की संख्या वर्तमान में मछली उत्पादन की स्थिति, भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियां की जानकारी से अवगत होकर अमृत सरोवरों हेतु नियमानुसार विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। अमृत सरोवरों को योजना से जोडने हेतु निर्देशित किया गया। उद्यनिकी विभाग अंतर्गत प्राधनमंत्री सूक्ष्म खाद उद्योग उन्नयन योजना के विभागीय घटकों के तहत गत सप्ताह तक की प्रगति की समीक्षा, जिला पंजीयक विभाग कटनी के निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्राप्ति की समीक्षा की जाकर योजना मे गति लाने एवं विभाग द्वारा विगत वर्षो में लक्ष्य प्राप्ति हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित लाडली लक्ष्मी योजना के लक्ष्य अनुसार उपलब्धि की समीक्षा की जाकर शेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला नसबंदी शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों को उपस्थित रहने तथा पंचायत वार सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडाप्ट एन आंगनबाडी योजना के तहत आंगनबाडी गोद लेने वालों को प्रोत्साहित करने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत डिलेवरी की जानकारी प्रतिमाह सी.एम.एच.ओ से लेने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## आंगनबाडी केन्द्रों को गोद लेने जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों ने दिखाई दिलचस्पी

### मानव जीवन विकास समिति ने कुल 9 आंगनबाड़ी केन्द्र गोद लेने दी सहमति



**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वाकांक्षी पहल और जिला प्रशासन के प्रयासों से कटनी जिले में भी जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी एवं सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने आंनबाडी केन्द्रों को गोद लेकर जरूरी संसाधनों के विकास मे दिलचस्पी दिखाते हुए हांथ आगे बढ़ाया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने आंगनबाडी केन्द्रों मे सभी संस्थानों के विकास हेतु आंगनबाडी केन्द्रों को गोद लेने समाज के सभी वर्गो के लोगों को आगे आने की अपील की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी के अंतर्गत प्रथम चरण में जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं, शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लेकर विभिन्न कार्य कराये गये। एसीसी सीमेन्ट कैमोर का भी अहम योगदान रहा है। अभी तक करीब 1 करोड़ 59 लाख रूपये का कुल कार्य आंगनबाडी केन्द्रों को व्यवस्थित कराने कराया गया है। द्वितीय चरण में बहोरीबंद विधायक श्री प्रणय प्रभात पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रीना राकेश लोधी, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी द्वारा बहोरीबंद के एक-एक आंगनवाड़ी केन्द्र को गोद लेने की सहमति दी गयी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा मुड़वारा विकासखण्ड के आंगनवाड़ी केन्द्र गोद लेने की सहमति दी गयी है। बड़वारा विकासखण्ड में मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह द्वारा कुल 09 आंगनवाड़ी केन्द्र गोद लेने की सहमति दी गयी है। यथा बिजौरी, जमुनिया, भदौरा, पौंड़ी, बंदरी, बड़वारा-1 एवं 2, बिलायकला, टिकरिया , जिसमें लगभग 08 लाख का व्यय अनुमानित है। संस्था द्वारा अभी तक बंदरी, भदौरा, टिकरिया, एवं पौड़ी कुल 04 केन्द्रों में रंगाई-पुताई, बच्चों का ड्रेस एवं खिलौना इत्यादि का कार्य पूर्ण कराया गया है, जिसकी कुल लागत तीन लाख रूपये है।

## निगमाध्यक्ष ने सराफा बाजार का भ्रमण कर व्यापारियों का जाना हाल

**कटनी,यशभारत।** निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें नगरपालिक निगम कटनी सीमांतर्गत झंडा बाजार स्थित सराफा बाजार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिलकर जाना उनका हाल । निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें को सराफा बाजार पहुंच कर सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात करते हुए सुनी उनकी समस्याएं पदाधिकारियों द्वारा निगमाध्यक्ष श्री पाठक को जानकारी देते हुए बताया गया कि विगत कई वर्षो से कच्ची दुकानों में व्यवसाय कर रहे है कच्ची दुकान होने के कारण आए दिन समस्याओं का सामना करना पडता है वर्षा ॠतु के समय दुकाने कच्ची होने के कारण आऐ दिन समस्याएं बनी रहती है। सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा दुकानों को पक्का करानें के साथ-साथ कुएं के समीप प्रकाश व्यवस्था हाई मास्ट लगवाए जाने हेतु अपनी बात रखी । निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें समस्याओं को सुनते हुए निगम द्वारा की जाने वाली नियमानुसार कार्यवाही अतिशीघ्र करानें हेतु कहा साथ ही दूरभाष पर विधुत विभाग के अधिकारियों को कुऐं के समीप प्रकाश की उत्तम व्यवस्था करानें हेतु निर्देशित किया।

## नुक्कड़ नाटक एवं रैली निकाल लोगों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**कटनी,यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा के मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुठिया मुहगवां, कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका तोमर के नेतृत्व में विचुवा, कार्यक्रम अधिकारी इकाई 3 डॉ. रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में महाराजपुर, सरपंच कन्हैया लाल विश्वकर्मा, उपसरपंच बेला बाई, सचिव राममित्र पटेल, सहायक सचिव दिनेश कुमार पाटकर एवं ग्रामीण जन के सहयोग से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जल सबसे महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि हमें जीवन के सभी कार्यों को निष्पादित करने के लिये जल की आवश्यकता है धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाये रखने के लिये जल का संरक्षण और बचाव बहुत जरूरी है। क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है, हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद और प्रदूषित नहीं करना चाहिये तथा लोगों को जल संरक्षण और जल बचाने को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना चाहिए, कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर तालाब गहरीकरण में योगदान दिया, साथ ही नुक्कड़ नाटक एवं रैली निकाल ष्हम सब ने ये ठाना है, जल को हमे बचाना हैष, जल को ना करो बेकार, जल बिना मच जायेगा हा हा कार, जल है जीवन का आधार, इसे व्यर्थ में ना करो बेकार आदि नारो के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया, कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आर के त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, अनीता सिंह, पवन दुबे, मनोज कुमार चौधरी, शंकर सिंह स्टॉफ के अन्य सदस्य एवं रा. से. यो. स्वयंसेवक विक्रम जायसवाल, आशीष साहू, सर्वेश्वर पांडे, शुभम, धर्मेंद्र, दीपांजली, सपना, लक्ष्मी, रश्मी, रामकृपाल, रामभजन, रंजीत, प्रकाश, संतोष, निगम, अनुज, निखिल, हिमांशु, दीप्ति, शीतल, दीपांशु, ललन, संगम, साहिल, रीना, प्रिया, गीतांजलि, मधु, विभा, विकाश, उपासना, शिवहरि, करन, रविकांत, सोनम, सानिया, पूर्णिमा, रागिनी, राधा, अभिषेक, सपना, आदि उपस्थित रहे।





## समाज निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका

**कटनी,यशभारत।** नगर निगम में आज़ाद अध्यापक संघ के वार्षिक कैलेंडर विमोचन के अवसर पर मुख्य अतिथि, संरक्षक, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक के करकमलों से संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि मनीष पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास साक्षी है राष्ट्रहित में सदा शिक्षकों ने अपना अभीष्ठ योगदान दिया है चाहे देश की स्वतंत्रता हो, सामाजिक जागरूकता एवं चेतना हो शिक्षक हमेशा प्रथम पंक्ति पर खड़ा हुआ श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण की अहम कड़ी है शिक्षक, आप पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करें, प्रदेश में कटनी को शिक्षा के क्षेत्र अब्बल स्थान पर पहुचाये आपकी समस्याओं के समाधान की जवाबदेही अब हमारी आप सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं। प्रांतीय संयोजक रमाशंकर तिवारी ने कहा ÷कि शिक्षक समाज की, राष्ट्र की प्रमुख धूरी है जो सतत गतिमान है अपनी कटनी को शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठता हेतु हम संकल्पित है साथ ही संवर्ग हितार्थ पदीय कर्तव्यों के प्रति वचनवद्ध हैं। कार्यक्रम को बी.आर.सी.बहोरीबंद प्रशांत मिश्रा, बी.आर.सी.सी.ढीमरखेड़ा प्रेम कोरी राज्य शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष जे.पी.हल्दकार, जिलाध्यक्ष आजाद अध्यापक संघ संजय मिश्रा, आज़ाद मीडिया राजेश चौबे, आज़ाद शिक्षा परिषद जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडे, पुरानी पेंशन बहाली अध्यक्ष सुशील तिवारी, राधा सोनी, रीना साहू, वीणा द्विवेदी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के पूर्व सभी उपस्थित संघ के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक जी का पुष्पहारों एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया, तत्पश्चात संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में संघ के रमाशंकर तिवारी, संजय मिश्रा, सोनू सरावगी आदि के साथ समस्त पदाधिकारियों एवं संघर्षशील साथियों की गरिमामय उपस्थिति रही। अंत मे कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा द्वारा प्रगट किया गया।

## जल स्त्रोत की सफाई कर ली स्वच्छता की शपथ

**कटनी,यशभारत।** कटनी निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की सहभागिता के साथ जारी स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को कटायेघाट एनीकट में विशेष सप्ताहिक अभियान का आयोजन किया गया प्राकृतिक जल स्त्रोत की सफाई श्रमदान से की गई नगर निगम ब्रांड एंबेसडर नीलम जगवानी एवं आशुतोश के निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं स्वच्छता मित्रों तथा स्वास्थ्य विभाग की एजेंसी के स्वच्छता चैंपियन द्वारा सामूहिक श्रमदान के माध्यम से कटाई घाट एनीकट के पास सफाई अभियान आयोजित किया जाकर आसपास की सफाई कर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। अभियान के दौरान हम सब ने यह ठाना है कटनी स्वच्छ बनाना है एवं अन्य स्वच्छता के नारों के माध्यम से एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाते हुए श्रमदान किया। कटायेघाट एनीकट की एवं घाट की सीढ़ियों नदी के किनारे चौंई सामग्री फूल मालाएं मूर्तियां एवं अन्य अपशिष्ट को सफाई की जाकर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया एवं नदी के किनारे खरपतवार की कटाई की जाकर घाट मंदिर के आसपास के कचरे पन्नियों एवं वनभोज उपरांत छोड़ी गई खाद्य सामग्री की सफाई की वा कैरी बैग में एकत्रित किया एवं उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई इस दौरान टीम लीडर सुरेंद्र पांडे सुपरवाइजर धनराज विश्वकर्मा वार्डदरोगा वार्डवासी तथा एनजीओ टीम के सदस्य उपस्थित रहे।



## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी




**कटनी,यशभारत।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2023 के लिए आवेदन पत्र केवल आनलाईन भरे जा सकते है। जो छात्र-छात्रा कटनी जिले में कक्षा पाँचवी में अध्ययनरत है, वे निकटतम कम्प्यूटर सेंटर जाकर आनलाईन फार्म भर सकते है। आनलाइन फार्म भरने के लिए लिंक नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आनलाईन आवेदन हेतु अर्हताओं मे अभ्यर्थी जिले मे ही कक्षा 5 वीं मे अध्ययनरत हो। अभ्यर्थी कटनी जिले का ही निवासी हो। अभ्यर्थी का जन्मतिथि 1 मई 2011 से 30 अप्रैल 2013 के बीच हो वे आनलाईन आवेदन कर सकते है। आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2023 है, एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 29 अप्रैल 2023 है।

सीएम हेल्पलाइन 181 जन हेतु-जन सेतु

## सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण के दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** विभागीय अधिकारी तैयारी के साथ समय- सीमा की बैठक में उपस्थित हो, इस हेतु वे पूर्व से ही विभाग से संबंधित शिकायतों का रिव्यू कर लेवें, समय- सीमा के बैठक के दौरान सी.एम. हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सीईओ शिशिर गेमावत ने दिए। जिले की उच्च रेंकिंग हेतु 01 दिसंबर से 31 दिसंबर 2022 तक प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करावें, साथ ही 50 दिवस के पूर्व की शिकायतों का भी संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाना आवश्यक है। विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि एल-1 स्तर पर कोई भी शिकायत नॉन अटेंड न हो एवं निराकरण प्रतिवेदन भी स्पष्ट दिया जावे। समीक्षा बैठक के दौरान उर्जा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, महिला बाल विकास, राजस्व विभाग, वित्त विभाग सहित अन्य विभागों की लंबित सी.एम हेल्पलाईन की शिकायतों की समीक्षा की जाकर शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में एल-1 स्तर पर उर्जा विभाग की नॉन अटेंडेंट शिकायतों एवं एल-2 स्तर पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की जाकर संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत को अटेंड करते हुए निर्धारित समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। खनिज साधन विभाग कुल प्राप्त शिकायतों एवं नॉन अटेंडेंट शिकायतों के वेटेज की समीक्षा, राज्य शिक्षा केन्द्र की लंबित शिकायतों के संबंध में बी.आर.सी की जानकारी लेकर दिसंबर माह की लंबित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।किसान कल्याण विभाग एवं कृषि विभाग की लंबित शिकायतों का कारण पूछा जाकर संबंधित डी.एस.ओ.के माध्यम से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा नें उपस्थित अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे विभाग जिनकी शिकायतें कम संख्या में है यदि वे भी विभागीय शिकायतों के निराकरण में त्वरित कार्यवाही करेंगे तो ग्रेडिंग में सुधार हो सकेगा।



## बरही में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू की पुष्टि

### सूकरों की मर्सी किलिंग में जुटा पशु विभाग, 26 सूकरों की हुई मर्सी किलिंग

**बरही,यशभारत।** हदरहटा गांव के बाद सूकरों में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू का कहर बरपाए जिससे सैकड़ो सुअर मौत की नींद सो गए। बरही में पदस्थ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. खुशबू जैन ने सेम्पल कलेक्ट करते हुए जांच के लिए भेजा तो सूकरों में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई। रविवार की सुबह से ही बरही नगर के पोखरोंए तालाबों में आवारा घूम रहे सूकरों को पकड़कर मर्सी किलिंग की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। इस बारे में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ खुशबू जैन ने बताया ने बताया कि रविवार को 22, सोमवार की सुबह 11 बजे तक 4 सूकरों की मर्सी किलिंग की गई है, और यह कार्यवाई लगातार जारी है। गौरतलब है कि गत 27 दिसंबर से अचानक बरही नगर में आवारा घूम रहे सुअर एक- एक कर अचानक मरने लगे। दो दिन में एक सैकड़ा से अधिक सुअर मर चुके थे, जिसकी जानकारी लगते ही पशु चिकित्सक डॉ. खुशबू जैन द्वारा अपनी टीम के साथ सेम्पलिंग की कार्यवाई करने के साथ ही सूकर मालिकों को समझाइस देते हुए सहयोग का आग्रह किया गया था। वही इस गंभीर मसले को लेकर नगर परिषद का रवैया गैर जिम्मेदाराना देखा गया। बहरहाल पशु विभाग की टीम मर्सी किलिंग करने में जुटी हुई है।

**कार्यालय नगर परिषद कैमोर, जिला-कटनी (म.प्र)**

Email cmokemore@mpurban.gov.in Phone no. 07626-272353

क्रमांक/1846/ लो.नि.शा./न.परि./2023 कैमोर,दिनांक.........

इश्तहार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वार्ड क्रमांक 02 में श्याम रैकवार से गुड़गडौंहा तक, सफीक वेग के मकान तक एवं राजकुमार पाण्डेय के मकान से तपन बनर्जी तक रोड़ पुलिया एवं नाली निर्माण का कार्य कराया जाना निकाय द्वारा प्रस्तावित है । अतः उक्त भूमि पर स्वामित्व संबंधी यदि किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज/साक्ष्य के आधार पर अपनी आपत्ति इस कार्यालय को प्रस्तुत कर सकते हैं, समय सीमा पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद कैमोर जिला कटनी (म.प्र.)**

# भारत ने श्रीलंका को 67 रन से हराया

## वनडे में भी सबसे तेज गेंद करने वाले भारतीय बने उमरान मलिक, 24 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा




**गुवाहाटी ,एजेंसी।** भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय टीम के नाम रहा। इस मैच में जीत के साथ ही भारत ने तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 373 रन का विशाल स्कोर बनाया था। इसके बाद टीम इंडिया की जीत लगभग तय हो गई थी और गेंदबाजों ने मैच की दूसरी पारी में कमाल कर भारत की जीत तय कर दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 373 रन बनाए थे। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 306 रन ही बना सकी। श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 108 रन कप्तान दासुन शनाका ने बनाए। वहीं, भारत के लिए उमरान मलिक ने तीन विकेट लिए। वहीं, पहली पारी में विराट कोहली ने शतक लगाया। भारत ने श्रीलंका को 67 रन से हराकर तीन मैच की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने शानदार शुरुआत की। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी की। गिल 70 और रोहित 83 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विराट कोहली ने 113 रन बनाए। इन तीनों बल्लेबाजों के शानदार योगदान के चलते भारत ने 373 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इसके जवाब में श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही। पावरप्ले में दो विकेट गंवाने के बाद श्रीलंका के लिए वापसी मुश्किल थी। निशांका एक छोर पर खड़े थे, लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। निशांका 72 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच धनंजय डीसिल्वा ने 47 रन बनाए, लेकिन यह काफी नहीं थे। अंत में दासुन शनाका ने 108 रन की पारी खेली, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। शनाका एक छोर पर 108 रन बनाकर नाबाद रहे, लेकिन श्रीलंकाई टीम 67 रन से मैच हार गई।

### इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 12 जनवरी (गुरुवार) को कोलकाता के ईडन

भारत के लिए पहले मोहम्मद सिराज ने पावरप्ले में दो विकेट झटके। इसके बाद उमरान मलिक ने अपनी रफ्तार का जलवा दिखाया। मलिक ने इस मैच में 155 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की और एक खास रिकॉर्ड बना लिया। उमरान मलिक अब वनडे में भी भारत के लिए सबसे तेज गेंद फेंकने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ का 24 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। 1999 विश्व कप में जवागल श्रीनाथ ने 154.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। उस समय वह विश्व कप के दूसरे सबसे तेज गेंदबाज थे। उनसे आगे पाकिस्तान के शोएब अख्तर का नाम था। अब उमरान मलिक ने जवागल श्रीनाथ को पीछे छोड़ते हुए 155 की गति से गेंद की है।

### टी20 और आईपीएल में भी सबसे तेज गेंद कर चुके हैं उमरान

उमरान मलिक कुछ दिन पहले ही टी20 क्रिकेट में भारत के लिए सबसे तेज गेंद करने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में 156 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। वहीं, इससे पहले आईपीएल में 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद कर चुके हैं और इस लीग में सबसे तेज गेंद फेंकने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। उमरान मलिक ने भारत के लिए अपने छोटे से करियर में गति के साथ-साथ विकेट लेने की क्षमता से काफी प्रभावित किया है। उमरान साझेदारियां तोड़ने में भी माहिर हैं और पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए उनकी गति का सामना करना बहुत मुश्किल होता है। इसी वजह से उमरान को विकेट आसानी से मिल जाते हैं। हालांकि, उन्हें अपना इकोनॉमी रेट बेहतर करना होगा। तभी टीम इंडिया में वह अपनी जगह पक्की कर सकेंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भी उनकी तारीफ की है। मांजरेकर ने कहा है कि उमरान अपने 11 मैच में सिर्फ एक बार विकेट नहीं ले पाए हैं।

# हॉकी- ओलिंपिक जैसी कामयाबी वर्ल्ड कप में नहीं

## भारत अब तक सिर्फ एक बार चैंपियन बना, 48 साल से कोई मेडल नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 जनवरी से 15वें हॉकी वर्ल्ड कप की शुरुआत होगी। 29 जनवरी तक खेले जाने वाले वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत को चौथी बार मिली है। हॉकी में स्वर्णिम इतिहास के बावजूद भारत इस टूर्नामेंट में अब तक विशेष कामयाबी हासिल नहीं कर सका है। ओलिंपिक में 8 बार गोल्ड मेडल जीतने वाला भारत सिर्फ 1975 में हॉकी का वर्ल्ड चैंपियन बन पाया। तब से 48 साल बीत चुके हैं और भारत को हॉकी वर्ल्ड कप में तीसरा स्थान तक नसीब नहीं हुआ है।

**जब हम खेल में कमजोर हो रहे थे तब यह टूर्नामेंट शुरू ही हुआ-** वर्ल्ड कप में भारत के कमजोर प्रदर्शन के पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि जब इस टूर्नामेंट की शुरुआत हुई लगभग उसी समय हमारा खेल ढलान पर आने लगा था। भारत 1920 से लेकर 1960 के दशक तक हॉकी प्लेइंग कंट्रीज में सबसे मजबूत रहा था। लेकिन, 1970 के दशक से धीरे-धीरे भारतीय खेल के स्तर में गिरावट आने लगी थी। पहला हॉकी वर्ल्ड कप ही 1971 में आयोजित हुआ। पहले एडिशन में भारत ने ब्रॉन्ज जीता था। दूसरे वर्ल्ड कप में हमें सिल्वर मिला और तीसरे एडिशन में हम चैंपियन बने। इसके बाद भारत के हाथ कुछ नहीं लगा।

**एस्ट्रोटर्फ ने स्थिति और भी खराब कर दी-** 70 के दशक में हॉकी का खेल घास के मैदान से शिफ्ट होकर एस्ट्रो टर्फ की ओर शिफ्ट होने लगा था। 80 का दशक आते-आते घास पर हॉकी का आयोजन बंद होने लगा। भारत को इसका सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। घास पर खेल धीमा होता था और ड्रिबलिंग स्किल और पासिंग का बेहतर होना ज्यादा जरूरी थी। एशियाई खिलाड़ी ड्रिबलिंग और पासिंग में माहिर थे। इसलिए जब तक खेल घास पर हुआ भारत और पाकिस्तान हॉकी में सुपर पावर बने रहे।पहले पांच वर्ल्ड कप घास के मैदान पर हुए। इनमें चार खिताब एशियाई देशों ने जीते। तीन बार पाकिस्तान चैंपियन रहा था और एक बार भारत। लेकिन, एस्ट्रो टर्फ पर हॉकी तेज होती थी। इसमें स्किल से ज्यादा पावर और स्टैमिना अहम हो गया। एस्ट्रो टर्फ आने के बाद पाकिस्तान सिर्फ एक बार टूर्नामेंट जीत पाया और भारत पूरी तरह से खाली हाथ रहा।

**कॉमनवेल्थ गेम्स में एक भी गोल्ड नहीं-** 1998 में पहली बार पुरुष हॉकी को कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल किया गया। तब से सातों गोल्ड मेडल ऑस्ट्रेलिया ने ही जीते। भारत ने 3 बार सिल्वर मेडल जीते और 2 बार चौथे स्थान पर रहा। इंग्लैंड ने सबसे ज्यादा 4 बार ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। हम इस बार के बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स का फाइनल मुकाबला भी हार गए थे।

**टोक्यो ओलिंपिक से बदली है स्थिति-** लंबे समय तक संघर्ष करने के बाद अब भारतीय टीम अब एस्ट्रो टर्फ की रफ्तार का मुकाबला करने में सक्षम होने लगी है। टोक्यो ओलिंपिक (2021) में भारत ने ब्रॉन्ज जीता। 31 साल बाद भारत ने ओलिंपिक में कोई मेडल जीता। अब उम्मीद की जा रही है कि वर्ल्ड कप में भी टीम बेहतर खेल दिखलाएगी।

**इस बार पाकिस्तान नहीं कर सका क्वालिफाई-** एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट होता है। इसमें टॉप-4 में रहने वाली टीमें वर्ल्ड कप का टिकट हासिल करती है। पाकिस्तान की टीम पिछले एशिया कप में टॉप-4 में नहीं पहुंच पाई, लिहाजा वह वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी।

**इस बार टीम इंडिया इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के ग्रुप में-** 13 जनवरी से शुरू होने वाले इस बार के वर्ल्ड कप में भारत, इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स ग्रुप-4 में है। 16 टीमों को 4 अलग-अलग ग्रुपों में बांटा गया है। 22 जनवरी से नॉकआउट स्टेज शुरू होगा। 24 और 25 जनवरी को क्वार्टर फाइनल मुकाबले होंगे। 27 जनवरी को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। 29 जनवरी को शाम 7 बजे भुवनेश्वर में फाइनल मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के मैच दोपहर 1, 3, 5 और शाम 7 बजे से होंगे। मैच में 15-15 मिनट के 4 क्वार्टर खेले जाएंगे। थर्ड प्लेस का मैच भी 29 जनवरी को ही फाइनल से पहले होगा।

# रोहित शर्मा का बेरहम फैसला... किसका करियर बर्बादी से बचाने को ईशान किशन की चढ़ाई बलि !

**नई दिल्ली,ईएमएस।** रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान हैं और उसके साथ ही उस इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी के कप्तान हैं, जिसका हिस्सा ईशान किशन हैं।ईशान किशन गजब के फॉर्म में भी हैं और उनके अपने साथी भी हैं।लेफ्ट-राइट का शानदार कॉम्बिनेशन भी बन रहा है।जब सब कुछ उम्मीद और रिक्वायरमेंट के अनुसार है तो सवाल यह है कि उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने को रोहित शर्मा आखिर तैयार कैसे हो गए? क्या वह और टीम मैनेजमेंट वाकई शुभमन गिल को मौका देना चाहते हैं या बात कुछ और ही है।

### शुभमन गिल को मौका देने के पीछे छिपा है बड़ा राज

रोहित शर्मा के बयान पर जाएं तो उसका अर्थ साफ है कि शुभमन गिल ने अच्छा किया है और कप्तान उन्हें मौका देना चाहते हैं। इसमें कोई शक भी नहीं है, लेकिन क्या वाकई यह इतना साफ और सरल है, जितना दिखाई देता है? एक नजर में तो हां, लेकिन दूसरे नजरिए से देखेंगे तो यह वैसा नहीं है। ईशान किशन को बाहर रखने से शुभमन गिल को ओपनिंग में मौका मिला जाएगा और एक बात होगी, जो रोहित नहीं कह सके।







### केएल राहुल को मिलेगा सीधा फायदा

दरअसल, टीम में दो ही विकेटकीपर हैं- ईशान किशन और केएल राहुल। अब जब ईशान किशन नॉकआउट हो गए तो बचे केएल राहुल। यानी ईशान किशन की गैरमौजूदगी में केएल राहुल दस्ताना संभालेंगे। इस बात की चर्चा सबसे अधिक थी कि सूर्यकुमार यादव को प्लेइंग इलेवन में रखने से किसे टीम से बाहर होना पड़ेगा? एक ही जवाब मिल रहा था, वह यह कि केएल राहुल को बाहर बैठना होगा, क्योंकि ईशान किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ कुछ ही दिनों पहले दोहरा शतक जड़ते हुए कई वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। हालांकि, रोहित के इस बयान से सारा मामला ही उल्टा हो गया। पहला सूर्यकुमार यादव प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे, जबकि केएल राहुल भी बाहर नहीं होंगे। दूसरी ओर, ईशान किशन के बाहर होने से ही यह सारा समीकरण बैठ सकता है, क्योंकि शुभमन गिल तो विकेटकीपिंग करेंगे नहीं। इस फैसले से विकेटकीपर भी मिल गया और टीम भी सेट हो गई। यानी केएल राहुल को प्लेइंग इलेवन से बाहर नहीं रखा जाएगा। अगर इस गणित को समझना है तो रिकॉर्ड की मदद भी ले सकते हैं। दरअसल, ईशान किशन और शुभमन गिल की तुलना में केएल राहुल का हालत बेहद खराब है। ईशान और गिल ने तो हर मौके पर खुद को साबित किया है, लेकिन हाल ही में उपकप्तानी गंवाने वाले केएल राहुल इस मामले में काफी पीछे हैं। केएल राहुल पिछले वर्ष उनके बल्ले से 10 मैचों में सिर्फ 251 रन ही निकले थे, जबकि औसत बेहद मामूली 27.88 का रहा था। ऐसे में अगर रोहित केएल राहुल का नाम लेकर ईशान को बाहर करते तो हर कोई सवाल करता, लेकिन उन्होंने इस फैसले के लिए गिल का सहारा लिया, जो बेरहम माना जा सकता है। एक ओर, गिल और ईशान हैं, जो अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद अंदर-बाहर होते रहे हैं तो दूसरी ओर केएल राहुल हैं, जो खराब प्रदर्शन के बावजूद एशिया कप और टी-20 वर्ल्ड कप खेल गए। संभवत~ यहां श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से अगर उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर किया जाता तो उनके करियर पर ही खतरा मंडराने लगता।

# गर्दा उड़ा दिया..., पठान का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर मचा तहलका

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की फिल्म पठान को रिलीज से पहले ही काफी विवादों का सामना करना पड़ा है। फिल्म पठान के गाने से लेकर पहनावे तक को दर्शकों की ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी पठान में शाहरुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी लीड रोल में हैं, जिसे वॉर फेम डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया है। फैंस पठान का ट्रेलर देख अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ इसकी तारीफ कर रहे हैं तो कुछ दर्शकों ने इसकी कमियां भी खोज निकाली हैं। ट्विटर पर इस फिल्म के ट्रेलर की खूब चर्चा हो रही है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा है। यूजर्स इसपर तरह-तरह के



कमेंट्स कर रहे हैं। किसी ने इस ट्रेलर में शाहरुख की तारीफ की है तो किसी ने बॉयकॉट पठान कहा है। इस ट्रेलर पर कई बॉलीवुड सेलेब्स ने भी अपने रिएक्शन दिए हैं और शाहरुख को उनकी आगामी फिल्म के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं।फिल्म के ट्रेलर पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, इस ट्रेलर में शाहरुख के डायलॉग बहुत ही बेहतरीन हैं, अब लगता है बॉयकॉट पठान नहीं हो पाएगा, क्योंकि इस बार शाहरुख ने गजब का कमबैक किया है। एक और यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, पूरा देश आपके साथ है शाहरुख। दूसरे यूजर ने लिखा, शाहरुख ने गर्दा उड़ा दिया है। इसी श्रेणी में एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि असली भारतीय इस ट्रेलर को एंजॉय कर रहे हैं, जबकि अंधभक्त कोने में बैठकर रो रहे हैं। एक और यूजर ने लिखा, यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होने वाली है। हम इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक और यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, इस फिल्म का ट्रेलर जय हिंद पर खत्म हो रहा है, यह इस ट्रेलर की अनोखी बात लगी है।

# पंकज से बॉबी डार्लिंग बनने का सफर नहीं था आसान, करना पड़ा इन परेशानियों का सामना

**मुंबई, ईएमएस।** बॉबी डार्लिंग उर्फ पाखी शर्मा और पंकज शर्मा, जी हां... ये तीनों ही नाम उन्हीं के हैं। दिल्ली की रहने वाली 'बॉबी डार्लिंग' का जन्म 'पंकज शर्मा' के रूप में हुआ था। महज 15 साल की उम्र में बॉबी के आने तक उन्हें एहसास हो गया कि वो हैं तो मर्द, लेकिन उनके अंदर कहीं न कहीं एक औरत है। बॉबी ने जब ये बात अपने पिता को बताई तो उन्होंने उसे घर से निकाल दिया। ये वो दौर था जब भारत में ट्रांसजेंडर शब्द को पाप की नजर से देखा जाता था। लेकिन बॉबी अपने इस दर्द से भागने के बजाय उसी के साथ जीने का फैसला कर लिया। बढती उम्र के साथ साथ बॉबी ने अपनी जिंदगी में कुछ करने का फैसला किया और बहुत ही कम समय में दिल्ली में किसी की मदद से बॉबी डार्लिंग फैशन इंडस्ट्री से जु? गयीं और धीरे-धीरे अपने टैलेंट के दम पर में पहचान बनाने लगीं। साल 2010 में बॉबी डार्लिंग ने ब्रेस्ट ट्रांसप्लांट करवाया और वे पंकज से पाखी बन गई, लेकिन इसके बाद भी उनका संघर्ष कम नहीं हुआ। क्योंकि आज से 20 साल पहले भारत में 'ट्रांसजेंडर' एक नया विषय था और लोग इसे आसानी से अपनाने से झिझकते थे। आगे जब बॉबी



डार्लिंग ने बतौर ट्रांसजेंडर मुंबई का रुख किया तो बॉलीवुड में शुरआत में उन्हें कोई काम नहीं मिला। इस दौरान रोजी रोटी के लिए उन्हें 'बार' में डांस भी करना पड़ा था। कड़ी मेहनत करने के बाद बॉबी ने मुंबई फैशन इंडस्ट्री में कदम रखा और वहा अपनी एक अलग पहचान बनाई। इस दौरान उनकी कई बॉलीवुड स्टार्स से दोस्ती भी हो गयी और साथ ही वह फिल्मों में रोल भी तलाश करने लगीं। आखिरकार बॉबी की मेहनत रंग लायी और साल 1999 में उन्होंने सुभाष घई कि फिल्म 'ताल' से बॉलीवुड में डेब्यू कर इंडस्ट्री में कदम रखा था। बॉबी डार्लिंग इस फिल्म के बाद कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेरा। जिसमें 'स्टाइल', 'न तुम जानो न हम', 'मैंने दिल तुझको दिया', 'जीना सिर्फ मेरे लिये', 'पेज 3', 'क्या कूल हैं हम', 'टॉम डिक एंड हैरी', 'अपना सपना मनी मनी', 'ट्रैं?क सिग्नल', 'शिरिन फरहाद की तो निकल पड़ी' और 'हंसी तो हंसी' जैसी कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जलवे बिखेरे। तो वहीं साल 2004 में बॉबी ने टीवी धारावाहिक शोज में अपनी किस्मत अजमाई।

# मल्लिका शेरावत ने बायकॉट पठान वालों को दिखाया ठेंगा

# ऑरेंज बिकीनी में दिखा दिए सारे पोज

मुंबई, ईएमएस।मल्लिका शेरावत बॉलीवुड की सबसे बोल्ड एक्ट्रेसेस की लिस्ट में गिनी जाती हैं।इस बार मल्लिका शेरावत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जो किया है उससे सीधे-सीधी उन्होंने दीपिका पादुकोण के हेटर्स से पंगा ले लिया है।ऐसा लग रहा है जैसे मल्लिका शेरावत ने बिना कुछ कहे या लिखे ही च्पठानज और दीपिका पादुकोण के विरोधियों को करारा जवाब दे डाला है।



### मल्लिका की दबंगई लोगों को हजम नहीं हो रही

दरअसल Mallika Sherawat इस वक्त चर्चा में हैं अपनी कुछ तस्वीरों को लेकर। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई इन तस्वीरों में मल्लिका शेरावत ऑरेंज कलर की बिकीनी में नजर आ रही हैं। मल्लिका की यही दबंगई लोगों को हजम नहीं हो रही। दरअसल, पिछले कुछ समय से ऑरेंज बिकीनी को लेकर खूब बवाल मचा हुआ है। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म च्पठानज का फर्स्ट सॉन्ग च्बेशरम रंगज में एक्ट्रेस ने एक सीन में ऑरेंज बिकीनी पहन रखी थी। इसे लोगों ने भगवा बिकीनी कहते हुए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की बात कही। लोगों को बिकीनी का भगवा रंग बिल्कुल पसंद नहीं आया। अब अपने बोल्ड इमेज के लिए फेमस रहीं च्मर्डरज एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने सीधे-सीधे च्बायकॉट पठानज वालों से पंगा ले लिया है। मल्लिका ने ऑरेंज यानी भगवा कलर की बिकीनी में एक नहीं बल्कि चार तस्वीरें शेयर की हैं। मल्लिका पूल में इसी ऑरेंज बिकीनी में नजर आ रही हैं। यूजर्स ने कहा है कि वह बिना कुछ कहे हुए ही फिल्म पठान को सपोर्ट कर रही हैं। एक ने कहा है- अब अंधभक्त बुआजी का बायकॉट नहीं करेंगे, क्योंकि इन्होंने भी भगवा कलर की बिकीनी पहनी है। इन तस्वीरों में मल्लिका ऑरेंज बिकीनी में पूल के अंदर खूब मटकती नजर आ रही हैं। मल्लिका का इन तस्वीरों पर यूजर्स से उन्हें खूब जमकर तारीफें मिल रही हैं। लोगों ने उन्हें गॉरजस बिकीनी क्वीन और हॉट कहा है।

### फिल्म से गाने को हटाने पर लोग कर रहे बात

याद दिला दें कि फिल्म पठान के च्बेशरम रंगज गाने में दीपिका के भगवा बिकीनी पर लोगों ने जमकर बवाल काटा है। कुछ लोगों से फिल्म के खिलाफ उठती आवाजें धीरे-धीरे देशभर में विकराल रूप लेने लगी। लोग जमकर इस फिल्म का विरोध और बायकॉट पठान के लिए आवाज उठा रहे हैं। कई जगहों पर कहा गया है कि फिल्म से इस गाने को अगर हटाया नहीं गया तो उनके इलाके में फिल्म रिलीज नहीं होगी। पिछले दिनों गुजरात में बजरंग दल ने भी एक मॉल के अंदर इसी मुद्दे को लेकर जमकर तोड़फोड़ मचाया था और फिल्म रिलीज से पहले इस गाने को हटाने की बात कही थी। इस फिल्म का ट्रेलर अब रिलीज हो चुका है और ट्विटर पर लोगों ने इसकी तारीफ भी की है।

# सांसद खेल महोत्सव कबड्डी में विवेकानंद मंडल उत्तर मध्य विजेता

जबलपुर, यशभारत। रानीताल कबड्डी खेल परिसर पर खेले गए उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अंतर मंडल कबड्डी प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद मंडल ने दीनदयाल मंडल को निर्णायक मुकाबले में संघर्षपूर्ण मैच में दो अंको से हराकर लोकसभा स्तर की सुपर 8 टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की द्य स्वामी विवेकानंद मंडल के मंडल अध्यक्ष योगेश बिलोहां ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र में विवेकानंद मंडल दीनदयाल मंडल चंद्रशेखर आजाद मंडल कुशाभाऊ ठाकरे मंडल की टीमों ने भाग लिया था इस अवसर पर सांसद खेल महोत्सव के कबड्डी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह पप्पू, अजय तिवारी उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के प्रभारीअभिषेक तिवारी नीटू अतुल जैन दानी रंजीत ठाकुर सुमित सिंह कपिल दुबे रिसाव दास वासु विशाल साहू आदि की उपस्थिति रही मैचों को संपन्न कराने में मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष शानू यादव, मंजीत सामल, सुनील ताम्रकार दिनेश तिवारी शिवम बाजपेई हिमांशु गुप्ता ने सहयोग दिया।

# सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत कल सूर्य नमस्कार से

## 23 जनवरी तक चलने वाले खेल महोत्सव में केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय नेता एवँ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होंगे शामिल

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को च्सामूहिक सूर्य नमस्कार एवँ योग प्रदर्शनज्से होगी। लोकसभा के मुख्य सचेतक सांसद राकेश सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर जबलपुर संसदीय क्षेत्र का च्सांसद खेल महोत्सवज्ज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी से नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती 23 जनवरी तक चलेगा उसमें खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री के साथ ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और राष्ट्रीय नेता जबलपुर आ रहे है। श्री सिंह ने बताया 12 जनवरी को सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत प्रातः 8 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार एवँ योग प्रदर्शन से रानीताल स्टेडियम में होगी, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवँ अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र खटीक होंगे। श्री सिंह ने बताया 13 जनवरी को परंपरागत खेलो का आयोजन होगा ऐसे खेलजिनकी आज की पीढ़ी को जानकारी भी नही है उनमें गिल्ली डण्डा, पिट्ठू, भौंरा, चींटी धप्प, कंचा, रस्सी कूद जैसे खेल शामिल है।

### 14 जनवरी को पतंग उत्सव

14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उत्सव का आयोजन रानीताल स्टेडियम में होगा। 15 जनवरी को साइकिलिंग का आयोजन होगा जो रानीताल स्टेडियम से प्रारंभ होगी। 16 जनवरी को मुक्केबाजी का आयोजन होगा। 17 जनवरी को जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच रानीताल स्टेडियम में होगा। 18 जनवरी को फुटबॉल का प्रदर्शन मैच शिवाजी ग्राउंड सदर में होगा। 19 जनवरी को कुश्ती का फाइनल मैच एवँ मलखंब का प्रदर्शन रानीताल स्टेडियम में होगा। 20 जनवरी को खो खो एवँ हॉकी के प्रदर्शन मैच होंगे। 21 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच एवं बास्केटबॉल का प्रदर्शन मैच होगा।22 जनवरी को मैराथन का आयोजन रानीताल खेल परिसर से होगा। सांसद खेल महोत्सव का समापन नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी को रानीताल स्टेडियम में होगा, इस दिन क्रिकेट का फाइनल मैच, तीरंदाजी के साथ पुरुस्कार वितरण समारोह भी आयोजित होगा। सांसद खेल महोत्सव के 12 दिवसीय आयोजन में जिन अतिथियों का आगमन होगा उनमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवँ किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवँ खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद श्री वीडी शर्मा, केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते, केंद्रीय सड़क परिवहन एवँ राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह, क्रीड़ाभारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महनकर, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद तेजस्वी सूर्या, फिल्म अभिनेता एवँ सांसद रविकिशन, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी बबीता फोगाट एवँ मलखंब के द्रोणाचार्य अवार्डी खिलाड़ी योगेश मालवीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने जबलपुर आएंगे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# विकसित भारत के लिये विकसित मध्यप्रदेश

## इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

11 - 12 जनवरी 2023, इंदौर



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

## शुभारंभ
## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
द्वारा

**11 जनवरी 2023, पूर्वाह्न 10:30 बजे**
**ग्रांड हॉल, ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर**

## मुख्य आकर्षण

डॉ. मोहम्मद इरफान अली, राष्ट्रपति, को-ऑपरेटिव रिपब्लिक ऑफ गयाना द्वारा उद्‌बोधन
चंद्रिका परसाद संतोखी, राष्ट्रपति, रिपब्लिक ऑफ सूरीनाम द्वारा उद्‌बोधन
पीयूष गोयल, मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग, भारत सरकार द्वारा उद्‌बोधन
शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा उद्‌बोधन

## भागीदारी

84 देशों के 447 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि | 401 अंतर्राष्ट्रीय बायर्स
विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक संगठनों के 5 हजार से अधिक उद्योगपति एवं प्रतिनिधि
सभी G-20 देशों के प्रतिनिधि

- वेंडर डेव्लपमेंट प्रोग्राम
- बी2बी एवं बी2जी मीटिंग
- वन-ऑन-वन मीटिंग
- प्रदर्शनी
- थीम एवं सेक्टर आधारित सत्र

आयोजक: MPIDC — MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
राष्ट्रीय सहयोगी: B20 India Secretariat — CII — Confederation of Indian Industry
नॉलेज पार्टनर: EY — Building a better working world

# भविष्य के लिये तैयार प्रदेश

D-11194

सीधा प्रसारण | DD NEWS | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी